राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात,संस्करण रविवार,05 फरवरी-2023 वर्ष-6,अंक-13 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# चुनावी राज्य कर्नाटक में हरित ऊर्जा पर दमखम दिखाएंगे पीएम मोदी, 30 देशों के मंत्री हो रहे शामिल

कर्नाटक में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। बीजेपी सत्ता में काबिज रहे इसे लेकर सरकार की तरफ से राज्य के लिए कई सौगात दी जा रही है। इसी बीच पीएम मोदी भी अब राज्य का दौरा करने वाले हैं।

**नई दिल्ली।** चुनावी राज्य कर्नाटक के लिए बजट में भद्रा योजना के तहत 5,300 करोड़ रुपये आवंटित करने के बाद अब पीएम नरेंद्र मोदी राज्य का दौरा करने वाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी 6 फरवरी को बेंगलुरु में भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी तुमकुरु में एचएएल के हेलीकॉप्टर कारखाने को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके अवाला वह अन्य विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।

**भारत ऊर्जा सप्ताह की करेंगे शुरुआत**-प्रधानमंत्री बेंगलुरु में भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 का उद्घाटन करेंगे। 6 से 8 फरवरी तक आयोजित होने वाले आईईडब्ल्यू का उद्देश्य एनर्जी के पावर हाउस के रूप में भारत की बढ़ती शक्ति को प्रदर्शित करना है। इस कार्यक्रम में दुनिया भर के 30 से अधिक मंत्रियों की मौजूदगी देखी जाएगी। इस आयोजन के दौरान पारंपरिक और गैर-पारंपरिक ऊर्जा उद्योग की चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की जाएगी।

**30,000 से अधिक प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा**

भारत के ऊर्जा भविष्य की चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करने के लिए 30,000 से अधिक प्रतिनिधि, 500 वक्ता के साथ ऊर्जा प्रदर्शनी में 1,000 से ज्यादा लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ग्लोबल ऑयल और गैस सीईओ के साथ एक राउंड टेबल बातचीत में भाग लेंगे। वह ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में कई पहल भी शुरू करेंगे।



**उर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हुआ भारत**

ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हालिस करने के लिए इथेनॉल ब्लेंड प्रोग्राम सरकार का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है। सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण, 2013-14 से इथेनॉल उत्पादन क्षमता में छह गुना वृद्धि देखी गई है। इथेनॉल ब्लेंड प्रोग्राम और जैव ईंधन कार्यक्रम के तहत पिछले आठ सालों के दौरान की गई उपलब्धियों ने न केवल भारत की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाया है बल्कि इसके परिणामस्वरूप 318 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी और लगभग विदेशी मुद्रा की बचत सहित कई अन्य लाभ भी हुए हैं।

**सूबे में इस साल होंगे चुनाव**

**प्रधानमंत्री मोदी 6 फरवरी को बेंगलुरु में भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी तुमकुरु में एचएएल के हेलीकॉप्टर कारखाने को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके अवाला वह अन्य विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।**

कर्नाटक में भी इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। मौजूदा वक्त में बीजेपी सत्ता में काबिज है। बसवराज बोम्मई प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं और उनका कार्यकाल मई 2023 में खत्म होने जा रहा है। इससे पहले राज्य में चुनाव कराए जाने की संभावना है। सूबे में होने वाले चुनाव को लेकर बीजेपी, कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

## प्रतिभा सिर्फ शहरी लोगों की जागीर नहीं, CJI चंद्रचूड़ ने ओडिशा का उदाहरण क्यों दिया?

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डॉ. जस्टिस धनंजय वाई. चंद्रचूड़ ने ओडिशा के 10 अलग-अलग जिलों में वर्चुअली हाई कोर्ट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिभा की कोई भौगोलिक सीमा नहीं और यह उन लोगों का एकाधिकार भी नहीं है जो महानगरों में रहते हैं। उन्होंने राज्य भर में बार के सदस्यों से वर्चुअल हाई कोर्ट के महत्व को भी समझाया। सीजेआई ने ओडिशा के चीफ जस्टिस की तारीफ की। कहा कि दो साल पहले किसने सोचा था कि ओडिशा के हर जिले में हाई कोर्ट होगा। लेकिन, आज वर्चुअली हाईकोर्ट शुरू करके यह मुमकिन हो सका है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को ओडिशा में वर्चुअल हाईकोर्ट का उद्घाटन करते हुए ओडिशा के चीफ जस्टिस डॉ. एस. मुरलीधर के नेतृत्व की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ओडिशा हाईकोर्ट ने न्याय प्रदान करने के लिए तकनीक को अपनाने के क्षेत्र में खुद को अग्रणी साबित किया है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि ओडिशा ने यह साबित कर दिखाया है कि आज प्रतिभा की कोई भौगोलिक सीमा उन लोगों का एकाधिकार नहीं है जो सिर्फ महानगरों में रहते हैं।

उन्होंने कहा, ओडिशा हाई कोर्ट ने रिकॉर्ड्स का डिजिटीकरण किया है, पेपरलेस कोर्ट का उद्घाटन किया, कमजोर गवाह बयान केंद्रों (वीडब्ल्यूडीसी) की स्थापना की है और डिजिटल रिकॉर्ड रूम (आरआरडीसी) तैयार किया है और बहुत कम समय में इतना बहुत कुछ किया है। सीजेआई ने कहा कि दो साल पहले इनमें से अधिकतर ई-पहल सपने की तरह लगती थीं। राज्य के हर जिले में संचालित उड़ीसा हाईकोर्ट के बारे में सोच कर आम नागरिक शायद हंस सकता था। शायद ही उन्होंने इन ई-पहलों को भविष्य की फिल्म के दृश्य का हिस्सा माना होगा। लेकिन आज यह सब हकीकत है।

## अयोध्या राम मंदिर को उड़ाने की धमकी, मोतिहारी से PFI सरगना समेत 8 लोग हिरासत में




**अभी तक आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार सुबह पूर्वी चंपारण जिले के चकिया और मेहसा थाना इलाकों में छापा मारा। चकिया के कुंअवा गांव से कुछ युवकों को पकड़ा गया।**


**मोतिहारी।** बिहार के मोतिहारी में एनआईए की छापेमारी की सूचना है। एनआईए टीम ने पीएफआई से जुड़े आठ लोगों को हिरासत में लिया है, उनसे पूछताछ जारी है। इनमें PFI सरगना रियाज मारूफ भी शामिल है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर को उड़ाने की साजिश के मामले में की गई है। अभी तक आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार सुबह पूर्वी चंपारण जिले के चकिया और मेहसा थाना इलाकों में छापा मारा। चकिया के कुंअवा गांव से कुछ युवकों को पकड़ा गया। इसके अलावा मेहसी थाना इलाके के इमामपट्टी से भी कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि हिरासत में लिए गए युवकों का पीएफआई से संबंध है। इसमें एक रियाज मारूफ भी शामिल है, जिसका नाम टेरर फंडिंग केस में भी आया था।बताया जा रहा है कि हाल ही में जब शालिग्राम शिला नेपाल से अयोध्या ले जाई जा रही थी, तब राम मंदिर को उड़ाने की धमकी और साजिश रचते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसी मामले में एनआईए ने यह कार्रवाई की है।

## मध्यप्रदेश पुलिस का पूरे देश में अलग नामः शिवराज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस का पूरे देश में अलग नाम है और कोरोना काल में सभी ने पुलिस के उजले पक्ष को देखा।

श्री चौहान यहां आयोजित आईपीएस मीट को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोरोना काल में पुलिस का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। जब सड़कों पर कोई नहीं था, तब पुलिस जवान सेवा कर रहे थे और लोगों के जीवन बचा रहे थे। देशभक्ति और जनसेवा के भाव का उस समय अक्षरश- क्रियान्वयन देखा गया। कई जवान और पुलिस अफसर शहीद भी हो गए। यह पुलिस का उजला पक्ष है, जिस पर सार्वजनिक रूप से गर्व किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि उन्हें सिंहस्थ के समय का एक फोटो याद आता है, जब एक अम्मा को अपने दोनों हाथों से पायदान बनाकर ट्रेन में चढ़ाते पुलिस जवान का फोटो सभी तरफ देखा गया था।



श्री चौहान ने कहा कि रुस्तम जी जैसे लोगों को पूरा देश याद करता है, जिन्होंने बीएसएफ को सुरक्षा की दीवार बनाया। पंजाब में आतंकवाद का सामना करने वाले के पी एस गिल को कौन भूल सकता है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाते उन्हें ये कहते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश की पुलिस का पूरे देश में अलग नाम है, इसके अनेक उदाहरण हैं। प्रदेश के अफसरों ने पूरे देश में नाम कमाया। कश्मीर में भी, प्रदेश की पुलिस गई। पंजाब हो, पूर्वोत्तर हो, जहां जरूरत पड़ी प्रदेश के जवान और अफसर गए। प्रदेश के पुलिस बल ने डकैत समस्या को खत्म किया। नक्सलवाद के नियंत्रण में भी प्रभावी कार्य हुआ है। आपराधिक तत्वों की कमर तोड़ना जरूरी है, लगभग 23 हजार एकड़ जमीन दबंगों से छुड़वाई गई है।

## शरजील इमाम को बड़ी राहत, दिल्ली की साकेत कोर्ट ने जामिया हिंसा मामले में किया बरी

**नई दिल्ली।** जामिया हिंसा मामले में आरोपी शरजील इमाम और आसिफ इकबाल तन्हा को दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को बरी कर दिया। सीएए विरोधी प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच झड़प के बाद हिंसा भड़क गई थी। इस मामले में शरजील और तन्हा को आरोपी बनाया गया था। दिल्ली की साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरुल वर्मा ने दिसंबर 2019 में जामिया नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में शुक्रवार को आरोपी शरजील इमाम और आसिफ इकबाल तन्हा को बरी कर दिया। शरजील और आसिफ इकबाल तन्हा दोनों को पहले इस



मामले में जमानत दी गई थी। हालांकि, शरजील इमाम को अभी जेल में ही रहना होगा क्योंकि वह 2020 के दिल्ली दंगों के बड़े षड्यंत्र मामले में आरोपी है। पुलिस ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध कर रहे पुलिस और लोगों के बीच झड़प के बाद भड़की सांप्रदायिक हिंसा के संबंध में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें दंगा भी शामिल था।

## दिल्ली समेत उत्तर भारत में धूप के चढ़ा पारा, IMD ने इन राज्यों में जताई बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** मौसम के बदले मिजाज के कारण आज भी दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं पूरे दिन धूप खिली रहने का अनुमान है। अगले दो दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। राजधानी दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाएगा।

**बनी रहेगी शीतलहर की स्थिति**

वहीं आज पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट की उम्मीद है। अगले दो दिनों के दौरान मध्य प्रदेश और ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में शीत लहर की स्थिति का अनुमान है। अगले 24 घंटों के दौरान असम, मेघालय और त्रिपुरा के छिटपुट इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।



**इन राज्यों में होगी बारिश**

वहीं बात करें दक्षिणी राज्यों की तो शुक्रवार तक भारी वर्षा होने की संभावना थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान दक्षिण तमिलनाडु और केरल में भारी वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने कहा कि डिप्रेशन के दक्षिण श्रीलंका में दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है और 3 फरवरी की सुबह तक कोमोरिन और श्रीलंका के पश्चिमी तट से सटे मन्नार की खाड़ी में उभरने की संभावना है। इस मौसम प्रणाली के प्रभाव में, तमिलनाडु और पुडुचेरी और केरल में कई स्थानों पर हल्की/मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

जिस दोस्त के लिए लड़की ने घर छोड़ा उसी ने बोली लगाकर करवाया गैंगरेप, देह व्यापार में धकेला

**पहाड़ी राज्यों में होगी बर्फबारी**

इस बीच, पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू और कश्मीर सहित पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बारिश और बर्फबारी की भी भविष्यवाणी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, ÷पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के चलते 03 फरवरी को जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश में बारिश/बर्फबारी की संभावना है।

# श्रीरामचरितमानस विवाद पर बोलने से क्यों कन्नी काट गईं बीजेपी सांसद


**लखनऊ।** श्रीरामचरितमानस विवाद पर एक तरफ बीजेपी के सारे नेता खुलकर बोल रहे हैं वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के बदायूं से भारतीय जनता पार्टी की सांसद संघमित्रा मौर्य ने श्रीरामचरितमानस पर अपने पिता स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणी से उपजे विवाद से किनारा करते हुए कहा कि वह आगामी लोकसभा चुनाव पर ध्यान दे रही हैं और वह भाजपा के टिकट पर ही आगामी आम चुनाव लड़ेंगी। मौर्य पहले भी उपजे विवादों पर कह चुकी हैं कि उनके पिता उनके राजनीतिक गुरू हैं, और वह उन पर टिप्पणी नहीं करेंगी।

संघमित्रा मौर्य ने कहा,÷अब इस विवाद को खत्म करिए, मेरा इससे कोई लेना देना नहीं है और मैं आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर बदायूं से दोबारा चुनाव लड़ने की

वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर बदायूं से लोकसभा की सांसद चुनी गयीं संघमित्रा मौर्य गौतम 2024 के आम चुनाव की तैयारियों में जुटी हैं। MBBS की शिक्षा प्राप्त संघमित्रा मौर्य (38) ने पिछले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के चचेरे भाई और बदायूं के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को हराया था।

श्रीरामचरितमानस को लेकर अपने पिता स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादास्पद बयान पर सांसद मौर्य ने पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा, सारी चीजें स्पष्ट हो चुकी हैं, इस पर इतना बवाल क्यों हो रहा है? खत्म करिए अब इस मामले को।

उन्होंने कहा, किसी और विषय पर आप बात करना चाहते हों तो करिए। मैं इस विषय



विवाद से कोई लेना देना नहीं हैं।%%2024 के आम चुनाव में बदायूं से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने के सवाल पर सांसद मौर्य ने कहा, अगला लोकसभा बदायूं से ही लड़ेंगे। बदायूं में हम लगातार बने हुए हैं, लगातार काम कर रहे हैं। आप चाहें तो पता भी कर सकते हैं। अब भी मैं बदायूं में काम कर रही हूं और कहा, मैं भाजपा उम्मीदवार के तौर पर अगला लोकसभा चुनाव बदायूं से ही लड़ूंगी। संघमित्रा के पिता और उत्तर प्रदेश में भाजपा के नेतृत्व वाली पिछली सरकार में मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने 22 फरवरी को तुलसीदास रचित श्रीरामचरितमानस के कुछ हिस्सों पर यह कहते हुए पाबंदी लगाने की मांग की थी कि इससे समाज के एक बड़े तबके का जाति, वर्ण और वर्ग के आधार पर अपमान होता है।

सपा नेता मौर्य ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा था, धर्म का वास्तविक अर्थ मानवता के कल्याण और उसकी मजबूती से है। अगर रामचरितमानस की किन्ही पंक्तियों के कारण समाज के एक वर्ग का जाति, वर्ण और वर्ग के आधार पर अपमान होता हो तो यह रामचरितमानस की कुछ पंक्तियों (दोहों) में कुछ जातियों जैसे कि तेली और कुम्हार का नाम लिया गया है। मौर्य ने कहा था, %%इन जातियों के लाखों लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। इसी तरह से रामचरितमानस की एक चौपाई यह कहती है कि महिलाओं को दंड दिया जाना चाहिए। यह उनकी (महिलाओं) भावनाओं को आहत करने वाली बात है जो हमारे समाज का आधा हिस्सा हैं। अगर तुलसीदास की रामचरितमानस पर वाद-विवाद करना किसी धर्म का अपमान है तो धार्मिक नेताओं को अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों तथा महिलाओं की चिंता क्यों नहीं होती। क्या यह वर्ग हिंदू नहीं है? उन्होंने कहा था, रामचरितमानस के आपत्तिजनक हिस्सों जिनसे जाति वर्ग और अपमान होता है उन्हें प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए।%%इससे पहले भाजपा की सांसद संघमित्रा मौर्य ने 25 फरवरी को बदायूं में पत्रकारों से कहा था कि उनके पिता ने श्रीरामचरितमानस की जिस चौपाई का जिक्र करते हुए उसे आपत्तिजनक बताया है, उस पर विद्वानों के साथ चर्चा की जानी चाहिए। बदायूं से भाजपा की सांसद संघमित्रा ने संवाददाताओं से बातचीत में अपने पिता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा श्रीरामचरितमानस को लेकर की गई टिप्पणी पर उठे विवाद के बारे में पूछे जाने पर कहा था, %%पिता जी ने रामचरितमानस को पढ़ा है। हालांकि मेरी इस संबंध में उनसे कोई बात नहीं हुई है लेकिन उन्होंने अगर एक चौपाई का उदाहरण दिया है तो शायद इसलिए क्योंकि वह लाइन स्वयं

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## कम उम्र की शादियों का नुकसान

(लेखक-डॉ. वेदप्रताप वैदिक)

भारत में कन्याओं की शादी 18 साल से कम उम्र में करना जुर्म है। गैर-कानूनी है लेकिन इस कानून की कौन परवाह करता है? हिंदू, मुसलमान, ईसाई, आदिवासी, अगड़े-पिछड़े सभी इस जुर्म में शामिल होते हैं। हमारे देश में तो कई दुधमुंहे बच्चों की भी शादी करवा दी जाती थी। भारत में हर साल लगभग 15 लाख अवयस्क लड़कियों की शादी करवा दी जाती है। यह आंकड़ा तो अंतरराष्ट्रीय संस्था 'युनिसेफ' का है लेकिन यह विदेशी संस्था सभी ऐसी अवैध शादियों का ठीक से पता लगा पाती होगी, इसमें मुझे संदेह हैं। 2006 के बाल विवाह विरोधी कानून के मुताबिक अकेले असम प्रांत में इस बार 1800 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन शादियों को अवैध भी घोषित कर दिया गया है। अकेले असम में पिछले 10 दिन में ऐसी कम उम्र की 4000 शादियों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की हैं। ज़रा सोचिए कि यदि पुलिस थोड़ी और सक्रिय हो जाए तो क्या लाखों लोग पकड़े नहीं जाएंगें? इस तरह के मामलों में वर-वधु को तो पकड़ा जाएगा ही, उनके अभिभावकों और शादी करवानेवाले पुरोहितों, मौलवियों और पादरियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। कम उम्र की ये शादियां कई दृष्टियों से बड़ी खतरनाक सिद्ध होती है। सबसे पहली बात तो यह कि ब्रह्मचर्य की भारतीय परंपरा का उल्लंघन होता है। उसके कारण किशारोवस्था में ही देश के नौजवानों का शक्तिनाश होता है। उनका दीर्घाष्यु घटता है। बीमारियां बढ़ती हैं। दूसरी बात यह कि कम उम्र की किशोरियां जब मॉ बनती हैं तो प्राय: वे गर्भपात की शिकार हो जाती हैं और वे अपने शरीर में तरह-तरह के रोग पाल लेती हैं। तीसरी बात यह कि कम उम्र में बच्चे हो जाने से उनकी संख्या बढ़ती है और उनका समुचित लालन-पालन और शिक्षण नहीं हो पाता है। इसके कारण देश में अशिक्षा और गरीबी बढ़ती है। चौथी बात यह कि देश में जनसंख्या का विस्फोट होने लगता है। भारत अब जनसंख्या के हिसाब से चीन को भी मात करनेवाला है। किसी एक संप्रदाय या जाति की जनसंख्या बढ़ने पर प्रतिस्पर्धा का भाव सारे समाज में फैल जाता है। यदि शादी की उम्र बढ़ा दी जाए तो हमारे युवक और युवतियां भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली और संपन्न राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। क्या ही अच्छा हो कि भारत में वर की न्यूनतम आयु 25 और वधू की 22 वर्ष कर दी जाए? इस प्रस्ताव का विरोध कई वर्गों के लोग कर सकते हैं। ऐसे में मेरा निवेदन यह है कि ऐसा कानूनी प्रावधान चाहे न किया जाए लेकिन देश के पुरोहित, मौलवी, पादरी वगैरह इस बात को लोगों के दिलों में प्रेम से बिठा सकें तो भारत का बड़ा कल्याण हो सकता है।



# बंटवारों के खिलाफ चेतना जगाने का विचार



**यह सही है कि इस यात्रा की शुरुआत से ही कांग्रेस पार्टी यह कहती रही है कि यात्रा किसी राजनीतिक उद्देश्य के लिए नहीं आयोजित की गयी। यात्रा का घोषित उद्देश्य भारत जोड़ना रहा है। हालांकि जोड़ने वाली इस बात को लेकर कांग्रेस पार्टी के विरोधी अक्सर उपहास के स्वर में यह कहते रहे हैं कि भारत टूटा ही कहां है जिसे जोड़ने की बात कही जा रही है। कहा तो यह भी जा रहा था कि यदि कुछ जोड़ना ही है तो राहुल गांधी को यात्रा की शुरुआत पाकिस्तान से करनी चाहिए थी! भारत को जोड़ने की इस परिकल्पना में यात्रा की गंभीरता को कम करने की आकांक्षा ही नज़र आती है।**

विश्वनाथ सचदेव

कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की एक यात्रा पूरी हो चुकी है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की लगभग पांच माह की इस यात्रा को भारत जोड़ो यात्रा नाम दिया गया था। अपने इस उद्देश्य में यात्रा कितनी सफल हुई है, यह आकलन तो आने वाला समय ही करेगा, पर इसमें कोई संदेह नहीं कि स्वयं राहुल गांधी की छवि में इस यात्रा से निखार के कई आयाम जुड़ गये हैं। पिछले आठ-दस साल में राहुल गांधी को एक अनिच्छुक और अपरिपक्व राजनेता के रूप में देखने-दिखाने की कोशिशों को कई-कई रूपों में देखा गया है। लेकिन इस यात्रा ने निश्चित रूप से उन्हें एक सक्षम और अपने उद्देश्य के प्रति उत्साह-भाव वाले व्यक्तित्व के रूप में प्रस्तुत किया है। इस यात्रा का क्या राजनीतिक लाभ हो सकता है, यह भी अभी सिर्फ अनुमान का विषय ही है, पर अपने आप में यह कोई छोटी सफलता नहीं है कि देश को जोड़ने की अपनी कल्पना को राहुल गांधी जन-मानस तक पहुंचाने में काफी हद तक सफल रहे हैं। इस यात्रा से भी पहले, जब राहुल गांधी ने अपनी राजनीति की यात्रा शुरू की थी, तबसे उनके राजनीतिक विरोधी उन्हें उपहास की दृष्टि से देखने-दिखाने का प्रयास करते रहे हैं, पर अब कांग्रेस के इस 'अनिच्छुक' माने जाने वाले राजनेता के अभियान को देखते हुए देश की एक बहुत बड़ी आबादी यह मानने लगी है कि 'पप्पू पास हो गया'! यह सही है कि इस यात्रा की शुरुआत से ही कांग्रेस पार्टी यह कहती रही है कि यात्रा किसी राजनीतिक उद्देश्य के लिए नहीं आयोजित की गयी। यात्रा का घोषित उद्देश्य भारत जोड़ना रहा है। हालांकि जोड़ने वाली इस बात को लेकर कांग्रेस पार्टी के विरोधी अक्सर उपहास के स्वर में यह कहते रहे हैं कि भारत टूटा ही कहां है जिसे जोड़ने की बात कही जा रही है। कहा तो यह भी जा रहा था कि यदि कुछ जोड़ना ही है तो राहुल गांधी को यात्रा की शुरुआत पाकिस्तान से करनी चाहिए थी! भारत को जोड़ने की इस परिकल्पना में यात्रा की गंभीरता को कम करने की आकांक्षा ही नज़र आती है। बहरहाल, राहुल अपनी इस यात्रा में 'जोड़ने' की अपनी परिकल्पना को स्पष्ट करने की लगातार कोशिश करते दिखे हैं। बहुत हद तक सफल भी हुए हैं अपने इस प्रयास में। यह सही है कि देश को जोड़ने का सीधा-सा मतलब देश की सीमाओं को सुरक्षित रखना ही होता है। इस दृष्टि से देखें तो हमारी सेनाएं पूर्णतया सक्षम हैं। लेकिन समझने की बात यह है कि देश भीतर से भी दरक सकता है। स्वाधीन भारत का 75 साल का इतिहास हमारी उपलब्धियों का लेखा-जोखा तो है ही, इसमें ढेरों ऐसे संकेत भी छिपे हैं जो यह बता रहे हैं कि भीतर ही भीतर हम कहां-कहां दरक रहे हैं। हम विभिन्नता में एकता की बात करते हैं, इसे अपनी ताकत बताते हैं। गलत नहीं है यह बात, पर पूरी सच भी नहीं है। धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, आर्थिक और सामाजिक विषमता के रूप में, न जाने कितना बंटे हुए हैं हम। ऐसा नहीं है कि अलग-अलग रंगों वाले हमारे नेता इस टूटन और बंटने को जानते-समझते नहीं हैं। लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते वे इसे देखकर भी अनदेखा करने के लिए मजबूर हैं। चोट इस मजबूरी पर होनी चाहिए, पर नहीं हो रही। राजनीति को सत्ता हथियाने और सत्ता में बने रहने का माध्यम मात्र मान लिया है हमारे राजनेताओं ने। स्वतंत्रता-प्राप्ति से पहले हमारे लिए राजनीति का मतलब स्वतंत्रता के लिए लड़ाई था। स्वतंत्र होने के बाद राजनीति का मतलब इस स्वतंत्रता की रक्षा करना होना चाहिए था। लेकिन सवाल स्वतंत्रता के मतलब को समझने का भी है। हमारे लिए स्वतंत्रता का मतलब विदेशी आधिपत्य को समाप्त करना ही नहीं था। स्वतंत्रता का मतलब होता है देश के हर नागरिक को सम्मान के साथ सिर ऊंचा करके जीने का अवसर और अधिकार। इस स्वतंत्रता में समता, न्याय और बंधुता के आदर्श जब जुड़ते हैं तब उसका सही अर्थ और औचित्य स्पष्ट होता है। राहुल गांधी की इस यात्रा का, अथवा किसी अन्य की भी ऐसी यात्रा का, उद्देश्य यही होना चाहिए कि वह देश में इस भावना को जाग्रत कर सके कि हम हिंदू या मुस्लिम या ईसाई या पारसी नहीं, हम सब भारतीय हैं। मेरे लिए 'भारत जोड़ो' का यही अर्थ है। यही बात इस यात्रा का विरोध करने वाले या उपहास उड़ाने वाले समझना नहीं चाहते। अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए वे कभी धर्म के नाम पर समाज को बांटते हैं, कभी-जाति के नाम पर। कभी भाषा के नाम पर वे हमारी पहचान को संकुचित बना देते हैं और कभी हमारी वेशभूषा के आधार पर हमें बांट देते हैं। आज आवश्यकता इन बंटवारों के खिलाफ चेतना जगाने की है। जहां तक राहुल गांधी की पांच महीनों और बारह राज्यों की इस यात्रा का सवाल है, वे भले ही यह कहते रहें कि इसका कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है, पर इससे इनकार नहीं किया जाना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी को इसका कुछ राजनीतिक लाभ मिल सकता है। इस दृष्टि से इसे सन ् 2024 तक की यात्रा कहा जा सकता है। कांग्रेस की आवश्यकता भी इससे कुछ हद तक पूरी हो सकती है, पर देश की आवश्यकता कुछ और है। राहुल गांधी ने अपनी इस कोशिश को 'नफरत के बाज़ार में प्यार की दुकान' लगाने वाली बताया है। देश की दुखती रग पर उंगली रखी है उन्होंने। आवश्यकता नफरत की एक आंधी को विफल बनाने की है। बड़ा काम है यह। इस लक्ष्य तक पहुंचने की यात्रा लम्बी है। राहुल गांधी भी संकेत दे चुके हैं, और कांग्रेस पार्टी भी कह चुकी है कि वे शीघ्र ही ऐसी ही एक और राजनीतिक यात्रा शुरू कर सकते हैं। निश्चित रूप से यह पार्टी और पार्टी के नेताओं की एक राजनीतिक ज़रूरत है, यह ज़रूरत पूरी होनी ही चाहिए। पर आज ज़रूरत राजनीति को एक ऊंचे धरातल पर खड़ा करने की भी है। जिस 'हाथ मिलाने' की बात राहुल गांधी कर रहे हैं, उसका उद्देश्य मात्र वोट जुटाना नहीं होना चाहिए। कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य हो सकता है यह, पर देश को आज इससे कहीं बृहत्तर उद्देश्य की आवश्यकता है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की अपनी यात्रा को राहुल ने भले ही राजनीतिक दृष्टि से गैर-राजनीतिक यात्रा कहा हो, पर हकीकत यह है कि आज देश को ऐसी राजनीति की आवश्यकता है जो सिर्फ सत्ता के लिए न हो। महात्मा गांधी ने सेवा के लिए सत्ता की शिक्षा दी थी। आज उस शिक्षा के महत्व को समझने की आवश्यकता है। सत्ता की राजनीति देश को बांट रही है। इस बंटवारे को जोड़ना है - तभी भारत जुड़ेगा।


लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। रोजी रोजगार की दिशा में सफलता के योग हैं। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी। |
| वृषभ | जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारिवारिक जनों से पीड़ा मिलने के योग हैं। वाणी की सौम्यता व्यर्थ के विवादों से आपको बचा सकती हैं। |
| मिथुन | दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप होगा। |
| कर्क | राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप होगा। |
| सिंह | दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धन हानि की संभावना है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। |
| कन्या | व्यावसायिक योजना सफल होगी। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। धन हानि की संभावना है। व्यर्थ क विवाद में न पड़ें। |
| तुला | व्यावसायिक योजना सफल होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिय मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें। |
| वृश्चिक | जीवनसाथी का सहयोग व सानिय मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। रोजी रोजगार की दिशा में सफलता के योग हैं। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी। |
| धनु | पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। वाणी की सौम्यता व्यर्थ के विवादों से आपको बचा सकती है। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें। |
| मकर | राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ के विवाद रहेंगे। |
| कुम्भ | आर्थिक उन्नति के योग हैं। मांगलिक कार्यो में हिस्सेदारी लेंगे। नेत्र विकार की संभावना है। संतान के कारण चिंतित रहेंगे। प्रणय संबंधों में कटुता आ सकती है। रोजी रोजगार की दिशा में उन्नति होगी। |
| मीन | व्यावसायिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। संतान के कारण तनाव हो सकता है। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। अनावश्यक कष्टों का सामना करना पड़ेगा। धन लाभ की संभावना है। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। |

# कर्म हमारा धर्म है: संत रविदास

(जयंती विशेषालेख/ लेखक- हेमेन्द्र क्षीरसागर )



महान संत दर्शनशास्त्री कवि समाज-सुधारक और ईश्वर के अनुयायी संत शिरोमणि रविदास के जन्म को लेकर सबकी अपनी-अपनी राय है। कुछ लोगों का मानना है कि उनका जन्म 1376-77 के आसपास हुआ था कोई 1399 ई. कुछ दस्तावेजों के अनुसार रविदास 1450 और 1520 के बीच रहे। मान्यता के अनुसार रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा के दिनवाराणसी के निकट सीर गोवर्धनगांव में हुआ था। उनकी माता कालसा देवी थीं और उनके पिता संतोख दास थे। 16 फरवरी को माघ पूर्णिमा है। अलौकिक संत रविदास भारत में 15 वीं शताब्दी के संत परंपरा में एक चमकते नेतृत्वकर्ता और उत्तर भारतीय भक्ति आंदोलन को नेतृत्व देते थे। उन्होंने अपने महान कविता लेखन के जरिए विविध प्रकार के आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश दिए। उन्होंने समानता पर जोर दिया जहां प्रत्येक नागरिक को सामाजिक राजनीतिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक मानवाधिकारों का आनंद मिलेगा। उनके भक्ति छंद सिख धर्मग्रंथों गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल हैं।

स्तुत्य भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक रविदास ने 120 वर्ष की आयु में 1540 ईस्वी में वाराणसी में देहत्याग दिया। रविदास के अनमोल वचन थे कि कोई भी व्यक्ति छोटा या बड़ा अपने जन्म के कारण नहीं बल्कि अपने कर्म के कारण होता है। व्यक्ति के कर्म ही उसे ऊंचा या नीचा बनाते हैं। हमें हमेशा कर्म करते रहना चाहिए और साथ साथ मिलने वाले फल की भी आशा नहीं छोड़नी चाहिए क्योंकि कर्म हमारा धर्म है और फल हमारा सौभाग्य है। जिस प्रकार तेज हवा के कारण सागर में बड़ी-बड़ी लहरें उठती है और फिर सागर में समा जाती है। उनका अलग अस्तित्व नहीं होता इसी प्रकार परमात्मा के बिना मानव का भी कोई अस्तित्व नहीं है। मोह माया में फंसा जीव भटकता रहता है इस माया को बनाने वाला ही मुक्तिदाता है।

उत्कंठ संत रविदास की मशहूर कहावत 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' को ज्यादातर लोगों को बोलते हुए सुना होगा। इस कहावत का अर्थ है अगर व्यक्ति का मन शुद्ध है किसी काम को करने की उसकी नीयत अच्छी है तो उसका हर कार्य गंगा के समान पवित्र है। दरअसल इस कहावत का जन्म उस समय हुआ जब एक बार संत रविदास के कुछ विद्यार्थी और अनुयायी ने पवित्र नदी गंगा में स्नान के लिये पूछा तो उन्होंने ये कह कर मना किया कि उन्होंने पहले से ही अपने एक ग्राहक को जूता देने का वादा कर दिया है तो अब वही उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। रविदास जी के एक विद्यार्थी ने उनसे दुबारा निवेदन किया तब उन्होंने कहा उनका मानना है कि 卐मन चंगा तो कठौती में गंगा卐 मतलब शरीर को आत्मा से पवित्र होने की जरुरत है ना कि किसी पवित्र नदी में नहाने से अगर हमारी आत्मा और हृदय शुद्ध है तो हम पूरी तरह से पवित्र है चाहे हम घर में ही क्यों न नहाये।

वस्तुत- संत रविदास ने समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। छुआछूत आदि का उन् होंने विरोध किया और पूरे जीवन इन कुरीतियों के खिलाफ ही काम करते रहे। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि ईश्वर ने इंसान बनाया है ना कि इंसान ने ईश्वर बनाया है अर्थात इस धरती पर सभी को भगवान ने बनाया है और सभी के अधिकार समान है। इस सामाजिक परिस्थिति के संदर्भ में संत गुरु रविदास ने लोगों को वैश्विक भाईचारा और सहिष्णुता का ज्ञान दिया। अभिभूत गुरुजी के अध्यापन से प्रभावित होकर चितौड़ साम्राज्य के राजा रानी और अनेकानेक जन उनके अनुयायी बनकर भक्ति मार्ग में विलीन हो गए। यथेष्टर संत शिरोमणि रविदास के एक-एक सबक आज तलक कालजयी बनकर मानव कल्याण के निहितार्थ प्रेरणापुंज हैं।

विचार मंथन

# केंद्रीय बजट में छुपा है 100 साल बाद का भारत

(लेखक-सनत जैन )

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हमेशा चर्चाओं में बने रहते हैं। समय-समय पर वह तरह तरह की घोषणाएं भी करते हैं। उनकी प्रशासनिक कार्यक्षमता, मिलनसारिता, संगठन क्षमता को देखते हुए एक बार पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने उन्हें नरेंद्र मोदी के स्थान पर प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बताया था। निश्चित रूप से शिवराज सिंह चौहान एक दूरदृष्टि वाले राजनेता हैं। हाल ही में केंद्र सरकार का वर्ष 2023 24 का बजट प्रस्तुत हुआ। बजट पर मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह ईज आफ लिविंग को बढ़ावा देने वाला बजट है। इस बजट में 100 साल बाद का भारत कैसा होगा उस तथ्य को ध्यान रखते हुए केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया गया है। शिवराज सिंह चौहान ने बजट को 7 सप्त ऋषि की प्राथमिकताओं से जोड़कर समावेशी विकास, लास्ट मील डिलीवरी, बुनियादी ढांचा, निवेश क्षमता हरित विकास, युवा एवं वित्तीय स्थिति को मजबूत करने वाला बजट बताया। निश्चित रूप से उन्हें केंद्रीय बजट की तारीफ करनी थी, उन्होंने तारीफ की भी है। बजट को 100 वर्ष बाद की परिकल्पना से जोड़कर केंद्रीय बजट की तारीफ करने वालों में सबसे शीर्ष पर पहुंच गए हैं। निश्चित रूप से उनकी प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री तक पहुंच गई होगी।

शिवराज सिंह चौहान द्वारा 100 वर्ष की जो परिकल्पना की गई है। उसको लेकर कहा जा रहा है कि पल भर की तो खबर है, नहीं। 100 साल बाद क्या होगा, इसकी कल्पना कोई साधारण व्यक्ति नहीं कर सकता है। निश्चित रूप से वह असाधारण ही होगा। 2013 के बाद से भाजपा बड़े-बड़े दावे करती हैं। तरह-तरह के सपने बुनती है। बड़े आत्मविश्वास के साथ उन्हें पूरा करने की बात करती है। अब तो जनता के बीच में यह भी कहा जाने लगा है,कि भाजपा के नेता या तो गड़े मुर्दे उखाड़ते हैं। जिसका कोई जवाब ना दे सके। ऐसे सपने दिखाते हैं, जो कभी पूरे ना हो सकें। किन्तु जनता उन सपनों के झूले में झूलना शुरू कर दें। मध्य प्रदेश में लगभग 15 साल मुख्यमंत्री के रूप में शासन कर चुके, शिवराज सिंह चौहान ने भी कई बड़े-बड़े वादे और सब्जबाग दिखाए है। लोग बहुत जल्दी भूल जाते हैं। अब तो बजट जैसी घोषणाओं में 100 वर्ष की बात शिवराज सिंह ने की है। उसके बारे में यही कहा जा सकता है, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मे जो दूरदर्शिता है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पास भी नहीं है। नहीं तो बजट में जिस तरीके की घोषणाएं की गई हैं। वह बजट में शामिल होंती। शिवराज सिंह के विरोधी भी यह कह रहे हैं पल भर की तो खबर होती नहीं है 100 वर्ष बाद कौन याद रखेगा। राजनेता अपने बयान से जो निशाना साधते है उनकी समझ बहुत बाद में होती है। शिवराज सिंह का 100 साल बाद का भारत प्रधानमंत्री मोदी के




बजट पर हमला है या उसकी तारीफ की गई है। इसका पता तो समय आने पर ही लगेगा।




## अमेरिका में पिछले माह 517000 लोगों को मिला रोजगार

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय कमी आई है। कंपनियों ने जनवरी महीने में 517000 लोगों को नौकरियां दीं। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के महंगाई पर लगाम लगाने के लिए नीतिगत दर के मामले में आक्रामक रुख और उसके कारण वृद्धि पर असर देखते हुए रोजगार का यह आंकड़ा काफी महत्वपूर्ण है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इसके साथ बेरोजगारी दर घटकर 3.4 प्रतिशत पर आ गई जो 1969 के बाद सबसे कम है। सरकार ने रोजगार के जो आंकड़े दिए वे श्रम बाजार की मजबूत स्थिति को बताते हैं। आंकड़ों के अनुसार बेरोजगारी की दर नीचे आई है और छंटनी भी कम हुई है। साथ ही कई नौकरियां आ रही हैं। रोजगार में वृद्धि तब हुई है जब कई अर्थशास्त्रियों ने मंदी की आशंका जताई है।

## छंटनी पर अमेजन का खर्च हुआ 64 करोड़ डॉलर

**- प्रभावित लोगों को मिलेगा सेवरेंस पैकेज**

**नई दिल्ली ।** दुनिया भर में कंपनियों में कर्मचो रियों की छंटनी चल रही है। ज्यादातर कंपनियां प्रभावित कर्मचारियों को सेवरेंस पैकेज भी दे रही हैं। हाल ही में दुनिया की दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने 18 हजार से अधिक कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया था। कंपनी ने चुनौतीपूर्ण मैक्रो-इकोनॉमिक माहौल के चलते छंटनी का फैसला किया था। हालांकि इसके चलते कंपनी को दिसंबर तिमाही में सेवरेंस पैकेजों पर करीब 64 करोड़ डॉलर खर्च करने पड़े। कंपनी के मुताबिक छंटनी को लेकर दिसंबर 2022 तिमाही में ही 64 करोड़ डॉलर (5264 करोड़ रुपए) का प्रावधान किया गया था। हालांकि इससे अगले महीने जनवरी में भी हुई छंटनी के सेवरेंस पैकेज इत्यादि को भी कवर किया गया। अमेजन ने पिछले महीने 18 हजार से अधिक कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया था जो इसके वर्कफोर्स का करीब 6 फीसदी था। छंटनी के इस फैसले का सबसे अधिक असर इसके स्टोर्स और डिवाइस कारोबार पर पड़ा। इसके अलावा एचआर टीम से भी छंटनी हुई। रत में कंपनी ने करीब एक फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की। छंटनी के अलावा पिछले साल नवंबर 2022 में कंपनी ने अमेजनियन एक्सपीरिएंस और टेक टीम से कुछ भारतीय कर्मचारियों को अपनी इच्छा से कंपनी छोड़ने यानी वॉलंटरी सेपेरेशन का ऑफर दिया था। जिन्होंने इस ऑफर को स्वीकार किया था।

## अब बॉन्ड पर ब्याज भुगतान पर 10 फीसदी का टीडीएस पर टैक्स कटौती होगी

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को देश के आम बजट में कई बड़े ऐलान किए हैं। इसमें कुछ राहत देने वाली हैं तो कुछ खर्चा बढ़ाने वाली हैं। इस साल के अधिकांश बजट प्रस्ताव टैक्सपेयर्स के लिए खुश करने वाले रहे लेकिन आप बॉन्ड में निवेश करते हैं तो आपके लिए बजट निराश करने वाला हो सकता है। बजट ऐलानों के मुताबिक 1 अप्रैल से लिस्ट बॉन्ड (डिबेंचर) पर ब्याज भुगतान पर 10 फीसदी का टीडीएस या सोर्स पर टैक्स कटौती होगी। इस कदम से टैक्सपेयर्स द्वारा ब्याज आय की अंडर-रिपोर्टिंग को रोकने की उम्मीद है। वर्तमान में इनकम टैक्स एक्ट की धारा 193 के तहत लिस्टेड बॉन्ड को टीडीएस से छूट प्राप्त है। जानकारों का कहना है कि आईटी एक्ट के तहत अनलिस्टेड बॉन्ड पहले से ही टीडीएस के अधीन हैं। जारीकर्ता चाहे जो भी हो क्या टीडीएस सभी बॉन्ड से ब्याज भुगतान पर लागू होगा? इसका जवाब है नहीं। यह धारा 193 किसी कंपनी द्वारा जारी की गई किसी भी सुरक्षा के संदर्भ में है। जानकारों के मुताबिक टीडीएस केवल कंपनियों द्वारा जारी किए गए बॉन्ड के मामले में लागू होगा। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड सहित सरकारी बॉन्ड को टीडीएस प्रोविजन से छूट दी जाएगी। बॉन्ड से मिलने वाले ब्याज पर आपके रेलवन्ट इनकम टैक्स स्लैब रेट पर टैक्स लगता है। अगर आप टैक्स-एग्जेम्प्ट कैटेगरी में आते हैं या कम इनकम टैक्स रेट के अधीन हैं तो क्या होगा? क्या आप यह सुनिश्चित करने के लिए फॉर्म 15जी या फॉर्म 15एच जमा कर सकते हैं कि आपकी ब्याज आय पर कोई टीडीएस नहीं काटा जाता है जैसा कि आप बैंक एफडी के लिए करते हैं?

# (शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा) लगातार पांचवें दिन शेयर बाजार में रही तेजी

**मुंबई ।** बैंकिंग शेयरों में लिवाली और अमेरिकी बाजारों में मजबूती के बीच लगातार पांचवे दिन शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी देखी गई। बीते सप्ताह पांच कारोबारी दिनों में शेयर बाजार में सप्ताह भर तेजी रही ले किन बाजार मंगलवार और गुरुवार को गिरावट पर खुले पर आखिर में बढत के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के पिछले पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 230 अंक फिसल कर 59101 पर खुला और 169.51 अंक चढ़कर 59,500.41 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 62 अंकों की कमजोरी के साथ 17542 पर खुला और 44.50 अंकों की बढ़त के साथ 17,648.95 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 176.47 अंकों की गिरावट के साथ 59323.94 पर खुला और 49.49 अंक की तेजी के साथ 59,549.90 पर बंद हुआ। निफ्टी 55 अंकों की गिरावट के साथ 17593.95 के पर खुला और 13.20 अंक की मामूली बढ़त के साथ 17,662.15 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 413 अंकों की बढ़त के साथ 59,963 पर खुला और 158.18 अंकों की बढ़त के साथ 59,708.08 पर बंद हुआ। निफ्टी 107 अंकों की बढ़त के साथ 17707 पर खुला और 45.85 अंक टूटकर 17616.30 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 15.92 अंकों की गिरावट के साथ 59,688.18 पर खुला और 224 अंकों की बढ़त के साथ 59,932 पर बंद हुआ। निफ्टी 52.90 अंकों की गिरावट के साथ 17,563.40 पर खुला और 6 अंक टूटकर 17,610 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 270.89 अंकों की बढ़त के साथ 60,203 पर खुला और 909 अंकों की तेजी के साथ 60,841 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 61.20 अंकों की मजबूती के साथ 17660 पर खुला और 243 अंकों की तेजी के साथ 17,854 पर बंद हुआ।

## एसएंडपी ग्लोबल ने अडानी इलेक्ट्रिसिटी और पोर्ट्स की रेटिंग नकारात्मक की

**चेन्नई ।**

वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि उसने अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड और अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के रेटिंग आउटलुक को संशोधित कर स्थिर से नकारात्मक कर दी है। इसने कहा कि अडाणी समूह के लिए शासन संबंधी जोखिमों और फंडिंग चुनौतियों के कारण अडानी पोर्ट्स और अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई के क्रेडिट प्रोफाइल में गिरावट के खतरे को नकारात्मक दर्शाता है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अडानी समूह के लिए महत्वपूर्ण नियंत्रण मुद्दों का आरोप लगाते हुए शॉर्ट सेलर रिपोर्ट जिनमें से कई शेयरधारक स्तर पर खुलासे और कार्रवाई से संबंधित हैं उसने अडानी समूह की संस्थाओं की इक्विटी और बॉन्ड की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि एक जोखिम है कि समूह के शासन के बारे में निवेशक की चिंताएं और प्रकटीकरण वर्तमान में रेटिंग्स की तुलना में बड़े हैं या यह कि नई जांच और नकारात्मक बाजार भावना से पूंजी की लागत में वृद्धि हो सकती है और अडानी पोर्ट्स और अडानी इलेक्ट्रिसिटी के लिए धन की पहुंच कम हो सकती है।

## सोना और चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड गिरावट

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी की वजह से शनिवार 4 फरवरी को सोने और चांदी के दामों में भी गिरावट आई है। इससे पहले शुक्रवार को सोने और चांदी में रिकॉर्ड तेजी आई थी। शुद्ध सोने की कीमत में 424 रुपए, चांदी की कीमत में 900 रुपए की गिरावट आई है। हर दिन सोने-चांदी का भाव उत्पाद शुल्क, मेकिंग चार्ज के कारण घटता बढ़ता रहता है। पूर्वांचल के सर्राफा बाजार में 22 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत में 500 रुपए की कमी हुई, जिसके बाद सोने की कीमत 54,200 रुपए हो गई। इसके पहले 3 फरवरी को इसकी कीमत 54,700 रुपए थी। वहीं 2 फरवरी को इसका भाव 53,850 रुपए था। इसके पहले 1 फरवरी को इसकी कीमत 53,600 रुपए थी। 31 जनवरी को 53,750 रुपए, 30 और 29 जनवरी को भी सोने का यही भाव था। 24 कैरेट शुद्ध सोना 4 फरवरी को 59,470 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। इसके पहले 3 फरवरी को इसका भाव 60 हजार रुपए के पार हो गया था। सर्राफा कारोबो रियों को कहना है कि फरवरी महीने में सोने और चांदी के भाव लगातार तेज रहे थे। शुक्रवार को सोने और चांदी ने सारे रिकॉर्ड भी तोड़ दिए, लेकिन अब सोना चांदी के भाव में गिरावट हुई है। वहीं चांदी 900 रुपए प्रति किलो टूटकर अब 76,400 रुपए हो गई है। 3 फरवरी को इसकी कीमत 77,300 रुपए प्रति किलो, 2 फरवरी को 74,800 रुपए, इसके पहले 1 फरवरी को इसकी कीमत 74,500 रुपए, 31 जनवरी को 74,700 रुपए जबकि 30 जनवरी को चांदी का भाव 74,200 रुपए प्रति किलो था।



# कच्चे तेल की कीमतें गिरी कुछ राज्यों में सस्ता हुआ पेट्रोल और डीजल

**- डब्ल्यूटीआई क्रूड 2.49 डॉलर गिरकर 73.39 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में शनिवार को कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। आज डब्ल्यूटीआई क्रूड 2.49 डॉलर गिरकर 73.39 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। उधर ब्रेंट क्रूड 2.23 डॉलर की गिरावट के साथ 79.94 डॉलर पर आ गया है। देश में तेल कंपनियों ने शे निवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में संशोधन किया है। राजस्थान में पेट्रोल 71 पैसे गिरकर 108.17 रुपए प्रति लीटर है। वहीं डीजल के दाम में यहां 64 पैसे की गिरावट हुई है और प्रति लीटर 93.44 रुपए हो गया है। पंजाब में भी पेट्रोल 28 पैसे और डीजल 27 पैसे सस्ता होकर क्रमशः 96.64 रुपए और 86.99 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। तेलंगाना में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं उत्तर प्रदेश में पेट्रोल 28 पैसे महंगा होकर 95.43 रुपए प्रति लीटर और डीजल 89.80 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। पश्चिम बंगाल में पेट्रोल 44 पैसे महंगा होकर 107.26 रुपए प्रति लीटर और डीजल 41 पैसे गिरकर 93.90 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.75 रुपए और डीजल 94.34 रुपए प्रति लीटर नोएडा में पेट्रोल 97 रुपये और डीजल



90.14 रुपये प्रति लीटर हो गया है. गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है. लखनऊ में पेट्रोल 96.56 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7 महीने के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई ।**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.03 अरब डॉलर बढ़कर 576.76 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार यह जानकारी मिली है। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 1.72 अरब डॉलर बढ़कर 573.727 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। गौरतलब है कि अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपए की विनियम दर में तेज गिरावट को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने की वजह से बाद में इसमें गिरावट आई थी। केंद्रीय बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार कुल मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा कही जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) समीक्षधीन सप्ताह में 2.66 अरब डॉलर बढ़कर 509.01 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में अभिव्यक्त किए की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो पाउंड और येन जैसे गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घटबढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। इसके अलावा स्वर्ण भंडार का मूल्य आलोच्य सप्ताह में 31.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.027 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.6 करोड़ डॉलर बढ़कर



18.478 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार 1.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.23 अरब डॉलर हो गया।

## भारत का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत और स्थिर : आरबीआई

**मुंबई ।** अडाणी समूह को बैंकों के कर्ज को लेकर चिंता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत और स्थिर है। केंद्रीय बैंक ने साथ ही यह भी कहा कि वह ऋणदाताओं पर लगातार नजर बनाए हुए है। आरबीआई ने कहा कि एक व्यावसायिक समूह को भारतीय बैंकों के कर्ज के बारे में चिंता जताने वाली मीडिया रिपोर्टों को संज्ञान में लेते हुए वह लगातार बैंकिंग क्षेत्र की निगरानी कर रहा है। हालांकि आरबीआई ने अडाणी समूह का नाम नहीं लिया। आरबीआई ने कहा कि वर्तमान मूल्यांकन के अनुसार बैंकिंग क्षेत्र जुझारू और स्थिर बना हुआ है। पूंजी पर्याप्तता संपत्ति की गुणवत्ता नकदी प्रावधान प्रसार और लाभप्रदता से संबंधित विभिन्न मानदंड अच्छी स्थिति में हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि नियामक और पर्यवेक्षक के रूप में आबीआई वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए बैंकिंग क्षेत्र और प्रत्येक बैंक की लगातार निगरानी करता है। आरबीआई के पास बड़े ऋणों से संबंधित सूचनाओं का केंद्रीय संग्रह (सीआरआईएलसी) डेटाबेस प्रणाली है जहां बैंक अपने पांच करोड़ और इससे अधिक के कर्ज की जानकारी देते हैं। इस जानकारी का इस्तेमाल निगरानी के लिए किया जाता है। केंद्रीय बैंक सतर्क रहता है और लगातार भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की स्थिरता की निगरानी करता है। बैंक बड़े कर्ज के ढांचे (एलईएफ) के दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रहे हैं।



स्वीडन में स्वीडिश ईकारएक्सपो 2023 में एक ऑडी इलेक्ट्रिक वाहन को देखते आगंतुक। 3 दिवसीय स्वीडिश ईकारएक्सपो शुक्रवार को शुरू हुआ है।

## बजट में कृषि क्षेत्र और पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोरः उद्योग जगत



**नई दिल्ली ।**

सरकार ने बजट में कृषि क्षेत्र और पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियां अपनाने पर प्राथमिकता दी है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने यह कहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को पेश बजट में अगले वित्त वर्ष के लिए कृषि ऋण लक्ष्य को 11 प्रतिशत बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपए करने की घोषणा की। इसमें पशुपालन डेयरी और मत्स्य पालन पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने को लेकर भी कदम उठाए गए हैं। एंटनी वेस्ट मैनेजमेंट के एक अे धिकारी का कहना है कि भारत नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। भारत का मुख्य ध्यान हरित ऊर्जा अपनाने पर रहा। हमें खुशी है कि बजट में हमारे उद्योग विशेषकर पुराने या प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को कबाड़ करने कचरे को अलग-अलग करने और नगर निगम बांड बाजार से पूंजी जुटाने पर भी ध्यान दिया गया है। कपिला कृषि उद्योग ने कहा कि आयकर में सात लाख रुपए तक की छूट से किसान परिवारों को ज्यादा फायदा होगा। किसानों को इस दूरगामी कदम वाले परिणाम से अच्छा फायदा मिलेगा। बजट में कृषि दूध और मछली संबंधी उद्योगों को वरीयता देने के लिए अभियान शुरू किया गया है।

यह स्वागत योग्य कदम है और किसान बिजली और आर्थिक स्तर पर ज्यादा ताकतवर हुए हैं। एफसीआई की योजना 15 मार्च तक गेहूं की बिक्री के लिए प्रत्येक बुधवार को साप्ताहिक ई-नीलामी आयोजित करने की है।

सरकार ने कहा कि छोटी और मझोली आटा मिलों और व्यापारियों ने नीलामी में सक्रिय रूप से भाग लिया क्योंकि 100 से 499 टन की सीमा में अधिक मांग थी इसके बाद 500-1000 टन और 50-100 टन की सीमा में मांग थी।

## आदित्य बिड़ला समूह से वोडाफोन आइडिया चलाने की प्रतिबद्धता पर हुआ फैसला : वैष्णव



**नई दिल्ली ।**

दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वोडाफोन आइडिया के ब्याज बकाया को हिस्सेदारी (इक्विटी) में बदलने का फैसला सरकार ने आदित्य बिड़ला समूह से कंपनी चलाने और जरूरी निवेश लाने की निश्चित प्रतिबद्धता मिलने के बाद किया है। सरकार ने संकट में घिरी इस दूरसंचार कंपनी को बड़ी राहत देते हुए 16133 करोड़ रुपए के ब्याज बकाया को इक्विटी में बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद घाटे में चल रही वोडाफोन आइडिया में सरकार की हिस्सेदारी करीब 33 प्रतिशत हो जाएगी। वोडाफोन आइडिया पर करीब दो लाख करोड़ रुपए की देनदारी है। इस फैसले के बाद वैष्णव ने कहा कि हमने पक्की प्रतिबद्धता मांगी थी कि आदित्य बिड़ला समूह इस कंपनी को चलाएगा और इसके लिए जरूरी निवेश भी लेकर आएगा। बिड़ला समूह ने इस पर सहमति जताई है और इस तरह हम बकाया देनदारी को हिस्सेदारी में बदलने पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय दूरसंचार बाजार में बीएसएनएल के अलावा तीन कंपनियों की मौजूदगी चाहती है ताकि उपभोक्ताओं को इनकी स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा मिल सके। वोडाफोन आइडिया को बकाया देनदारी से राहत सितंबर 2021 में घोषित दूरसंचार राहत पैकेज के तहत मिली है। इस फैसले के बाद कंपनी सरकार को 10 रुपए के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयर जारी करेगी।

वोडाफोन और आइडिया के एक इकाई में विलय के बाद बनी कंपनी देश की सबसे बड़ी दूरसंचार परिचालक थी। इसके पास 2018 में 35 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ 43 करोड़ मोबाइल ग्राहक थे। हालांकि आज यह कर्ज में डूबकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। दूरसंचार नियामक ट्राई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक कंपनी के पास 24.3 करोड़ मोबाइल ग्राहक हैं और इसकी बाजार हिस्सेदारी 21.33 प्रतिशत है। वीआईएल ने अभी तक 5जी सेवाओं के उपकरणों के लिए खरीद ऑर्डर नहीं दिया है और अपने वेंडरों का बकाया चुकाने के लिए संघर्ष कर रही है।

## एफसीआई के खुले बाजार में गेहूं की बिक्री से कीमतें 10 फीसदी गिरीं

**नई दिल्ली ।**

सरकार के गेहूं की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के मकसद से खुले बाजार में इसकी बिक्री के फैसले से पिछले एक सप्ताह में गेहूं की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। सरकारी उपक्रम भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने इस सप्ताह आयोजित ई-नीलामी के पहले दो दिन में अबतक थोक उपयोगकर्ताओं को 2474 रुपए प्रति क्विंटल की औसत दर से 9.2 लाख टन गेहूं बेचा है। हाल ही में केंद्र ने मुक्त बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के जरिए खुले बाजार में बफर स्टॉक से 30 लाख टन गेहूं बेचने का फैसला किया था। इसमें से 25 लाख टन थोक उपभोक्ताओं मसलन आटा मिलों को तीन लाख टन नेफेड जैसी संस्थाओं को और शेष दो लाख टन राज्य सरकारों को बेचा जाएगा। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि ई-नीलामी ने पहले ही पिछले एक सप्ताह में गेहूं के बाजार मूल्य में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का असर डाला है। ई-नीलामी में बेचे जाने वाले गेहूं के उठाव और बाजार में गेहूं का आटा उपलब्ध कराने के बाद कीमतों में और गिरावट आना तय है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार दो फरवरी को गेहूं का औसत अखिल भारतीय खुदरा मूल्य 33.47 रुपए प्रति किलोग्राम था और गेहूं के आटे की कीमत 38.1 रुपए प्रति किलोग्राम थी। आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2022 में इसी तारीख को गेहूं और गेहूं के आटे का औसत खुदरा मूल्य क्रमशः 28.11 रुपए प्रति किलोग्राम और 31.14 रुपए प्रति किलोग्राम था। एफसीआई ने पहले ही देशभर में थोक उपयोगकर्ताओं को 25 लाख टन गेहूं की बिक्री शुरू कर दी है।



क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1




## आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप में 12 फरवरी को पाकिस्तान से भिड़ेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली ।** भारत और पाकिस्तान की टीमों का मुकाबला आईसीसी टूर्नामेंट में ही देखने को मिलता है। हर किसी को इन दोनों देशों के बीच होने वाली टक्कर का इंतजार रहता है। पिछले साल आईसीसी टी20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की पुरुष टीमों का मुकाबला हुआ और अब नए साल में महिला टीमों के बीच इसी फॉर्मेट के विश्व कप में मुकाबला होने जा रहा है। साउथ अफ्रीका में आईसीसी टी20 विश्व कप का आठवां एडिशन होने जा रहा है। टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ ही करने जा रहा है। पिछली बार की उप विजेता टीम इंडिया हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में एक बार फिर से खिताब जीतने की दावेदार है। 10 फरवरी से 26 फरवरी के बीच खेले जाने वाले टूर्नामेंट में 10 टीमों भाग ले रही हैं। भारत को ग्रुप बी में इंग्लैंड, आयरलैंड, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है। आईसीसी टी20 विश्व कप में टीम इंडिया पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 12 फरवरी को खेलने उतरेगी। इसके बाद 15 फरवरी को भारत का सामना वेस्टइंडीज की टीम के साथ होगा। 18 फरवरी को भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेलने उतरेगी। आखिरी ग्रुप मुकाबले में 20 फरवरी को टीम इंडिया आयरलैंड से खेलेगी। ग्रुप मुकाबलों के खत्म होने के बाद ग्रुप ए और ग्रुप बी की टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

# बीबीएलः पर्थ स्कॉचर्स बनी चैंपियन, फाइनल में ब्रिस्बेन हीट को चटाई धूल

**(एजेंसी)।**

बिग बैश लीग (बीबीएल) के 12वें संस्करण के फाइनल मुकाबले में पर्थ स्कॉचर्स ने ब्रिस्बेन हीट को 5 विकेट से हराकर बीबीएल का खिताब अपने नाम कर लिया है। ब्रिस्बेन हीट ने फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 176 रनों का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में पर्थ स्कॉचर्स ने 20वें ओवर की दूसरी गेंद में लक्ष्य हासिल कर लिया। पर्थ स्कॉचर्स ने पांचवी बार बीबीएल का खिताब अपने नाम किया है।मैच में ब्रिस्वेन टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। ब्रिस्बेन की ओर से कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। ब्रिस्वेन की ओर से सबसे बड़ी पारी नाथन मैकस्वीनी के रूप में आई, उन्होंने 37 गेंदों पर 41 रनों की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज जोश ब्राउन 12 गेंदों में 25 रन और सैम हेजलेट 30 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नाथन मैकस्वीनी ने टीम को संभाला, हालांकि वह भी ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाज मैक्स ब्रायंट ने 14 गेंदों में 31 रन और सैम हेन ने 16 गेंदों में 21 नाबाद रनों की पारी खेली और ब्रिस्बेन टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। पर्थ स्कॉचर्स की ओर से जेसन बेहरेनडॉर्फ और मैथ्यू कैली ने 2-2 विकेट चटकाए, जबकि डेविड पेन, ऐरोन हार्डी और एंड्र्यू टाए तीनों गेंदबाजों ने 1-1 विकेट हासिल की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पर्थ स्कॉचर्स की ओर से एशटन टर्नर ने 32 गेंदों 53 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। सलामी बल्लेबाज स्टीफन एस्किनाजी (21 रन) और कैमरोन बेनक्रॉफ्ट (15 रन) सस्ते में ही चलते बने। इसके बाद ऐरोन हार्डल (17 रन) और जोश इंग्लिस (26) कुछ खास नहीं कर पाए। पांचवे नंबर पर आए टर्नर ने



पर्थ की पारी को संभाला। उनके आउट होने के बाद निक होबसन ने 7 गेंदों में नाबाद 18 रन और कूपर कोनोली ने 11 गेंदों में 25 नाबाद रनों की तूफानी पारी खेली , जिसके चलते पर्थ टीम ने 20वें ओवर की दूसरी गेंद में लक्ष्य हासिल कर लिया।

# मैं कभी कुछ ऐसा नहीं करुंगी जिससे देश और मेरा नाम खराब हो : दीपा

**नई दिल्ली ।**


डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 21 महीने का प्रतिबंध झेल रही भारतीय जिम्नास्टिक स्टार दीपा कर्माकर ने कहा कि मामला बिना किसी परेशानी के निपटाने के लिए उन्होंने अस्थायी निलंबन स्वीकार किया था। कर्माकर ने कहा कि उन्होंने अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ हिजेनामाइन (एस3 बीटा2) का सेवन किया जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की प्रतिबंधित सूची में है। कर्माकर ने ट्वीट किया, मैंने अनजाने में उसे लिया और मुझे पता नहीं कि उसका स्रोत क्या था। मैंने अंतरराष्ट्रीय महासंघ के साथ मामला बिना किसी परेशानी के निपटाने के लिए अस्थायी निलंबन स्वीकार कर लिया। कर्माकर का प्रतिबंध इस साल दस जुलाई को खत्म होगा क्योंकि उसके नमूने 11 अक्टूबर 2021 को लिए गए थे। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट में चौथे स्थान पर रही कर्माकर 2017 में सर्जरी के बाद से चोटों से जूझ रही है। उनका आखिरी टूर्नामेंट बाकू में 2019 विश्व कप था। कर्माकर ने कहा कि डोपिंग मामला उसके



जीवन की सबसे कठिन जंग थी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि वह मेरे शरीर में कैसे आया। यह मेरे जीवन की सबसे कठिन मानसिक लड़ाई थी। ऐसी लड़ाई जो किसी को भी तोड़ सकती है। उन्होंने कहा ,'' मैंने 2017 और 2019 में सर्जरी कराई और मैदान पर लौटने के बाद फिर एक और झटका लगा। मैं अब मजबूती से वापसी कराना चाहती हूं। कर्माकर ने खुशी जताकर कहा कि मामला सहमति से सुलझ गया है और अब वह जुलाई में वापसी करेगी । उन्होंने कहा, मैंने अपने कैरियर में कभी भी प्रतिबंधित दवा के सेवन के बारे में सोचा भी नहीं। मैं कभी ऐसा कुछ नहीं करूंगी जिससे मेरा या देश का नाम खराब हो।

## गोल्फ : पेबल बीच प्रो-एएम में अर्जुन अटवाल 130वें स्थान पर

**(एजेंसी)।**




भारत के अर्जुन अटवाल एटी एंड टी पेबल बीच प्रो-एम में स्पाईग्लास हिल गोल्फ कोर्स में 3-ओवर 75 का स्कोर किया। 73-75 के दौर के साथ, 49 वर्षीय अटल अब पीजीए टूर इवेंट में लीडर बोर्ड में 4 ओवर और नीचे 130वें स्थान पर हैं। कर्ट कितायामा 10 सीधे पार के साथ ओपनिंग करने के बाद एकमात्र बढ़त में चले गए और फिर पेबल बीच पर 2-अंडर 70 के लिए एक बोगी के खिलाफ तीन बर्डी की।कितायामा 9-अंडर 134 पर था और कीथ मिशेल, ब्रैंडन वू, जोसेफ ब्रामलेट और हैंक लेबियोडा पर एक शॉट के नेतृत्व में था। मोंटेरे प्रायद्वीप पर मौसम का पूवार्नुमान ऐसा लग रहा है कि अगले दो दिनों के लिए भी यह कठिन रहने वाला है। अंतिम राउंड के लिए पेबल बीच लिंक्स पर वापस आने से पहले खिलाड़ी पेबल बीच, स्पाईग्लास हिल और मॉन्टेरी खेलते हुए पहले तीन दिनों में तीन अलग-अलग कोर्स खेलते हैं। पीजीए टूर पर अपनी आखिरी शुरूआत में, कितायामा जॉन रहम के साथ सप्ताहांत में आगे बढ़ने के लिए बंधे रहने के बाद कांगारी में दक्षिण कैरोलिना में सीजे कप में दूसरे स्थान पर थे। वह पिछले साल मैक्सिको में रहम से उपविजेता और जेनेसिस स्कॉटिश ओपन में जेंडर शॉफेल से भी उपविजेता रहा। मोंटेरे प्रायद्वीप पर मौसम का पूवार्नुमान ऐसा लग रहा है कि अगले दो दिनों के लिए भी यह कठिन रहने वाला है। अंतिम राउंड के लिए पेबल बीच लिंक्स पर वापस आने से पहले खिलाड़ी पेबल बीच, स्पाईग्लास हिल और मॉन्टेरी खेलते हुए पहले तीन दिनों में तीन अलग-अलग कोर्स खेलते हैं।

# Davis Cup : बोपन्ना-भांबरी की जोड़ी सीधे सेटों में हारी

**हिलरोड।**


रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी की भारतीय जोड़ी को शनिवार को यहां युगल मैच में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने और जोहानेस इंजिल्डसेन से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा जिससे मेजबान डेनमार्क ने डेविस कप विश्व ग्रुप प्लेआफ मुकाबले में 2-1 से बढ़त बना ली। डेनमार्क की जोड़ी ने महज 65 मिनट में भारतीयों को 6-2 6-4 से शिकस्त दी जिसमें रूने की मौजूदगी निर्णायक रही। इससे पहले भारत के नंबर एक खिलाड़ी सुमित नागल ने दूसरे एकल मैच में पिछड़ने के बाद जीत दर्ज करते हुए भारत की वापसी कराई थी । पहले मैच में युकी भांबरी को रूने ने 6 . 2, 6 . 2 से हराया । कठिन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ युकी 58 मिनट में ही हार गए । भारत के नंबर एक खिलाड़ी नागल ने दो घंटे 27



मिनट तक चले मैच में आगस्ट होल्मग्रेन को 4 . 6, 6 . 3, 6 . 4 से मात दी । विश्व रैंकिंग में 506वें स्थान पर काबिज नागल ने 484वीं रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया था। दूसरे सेट में वापसी करते हुए उन्होंने 5 . 2 की बढत बनाई और नौवें गेम में सेट अपने नाम करके मुकाबला निर्णायक सेट तक खिंचा ।

निर्णायक सेट में उन्होंने अपनी लय कायम रखते हुए जीत दर्ज की ।

## संक्षिप्त समाचार



### मैं 2026 फीफा विश्व कप में खेलने पर विचार कर रहा हूं, लेकिन ये कई बातों पर निर्भर करेगाः लियोनेल मेसी

**ब्यूनस आयर्स ।** अर्जेंटीना फुटबाल टीम के कप्तान लियोनेल मेसी ने कहा है कि वह 2026 फीफा विश्व कप में खेलने पर विचार कर रहे है, लेकिन उनकी भागीदारी कई बातों पर निर्भर होगी। इसके पहले मेसी ने कतर में 2022 विश्व कप फुटबॉल के बाद संन्यास की घोषणा की थी। विश्व कप में मेसी ने सात गोल किए और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। मेसी अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में टूर्नामेंट के दौरान 39 साल के हो जाएंगे। 35 वर्षीय मेसी ने बताया कि मुझे नहीं पता, मैंने हमेशा कहा है कि उम्र के कारण मुझे लगता है कि 2026 टिके रहना मुश्किल होगा। मुझे फुटबॉल खेलना पसंद है और जब तक फिट महसूस करता हूं और इसका आनंद लेना जारी रखूंगा। लेकिन अगले विश्व कप तक बहुत कुछ कई चीजों पर निर्भर करेगा।अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने पिछले साल दिसंबर में कहा था कि वह मेसी के लिए नंबर 10 की टीर्शट तब तक रखूंगा, जब तक वह खेलना चाहते हैं। इस बीच, मेसी ने कहा कि 18 दिसंबर, 2022 को लुसैल में विश्व कप फाइनल में फ्रांस पर अर्जेंटीना की पेनल्टी शूटआउट जीत के बाद भी वह भावनात्मक रुप से उच्च स्तर पर था। मेसी ने कहा कि मेरे करियर के अंत में इस हासिल करना आश्चर्यजनक था। उन्होंने कहा कि मेरा करियर लगभग समाप्त हो चुका है और मुझे नहीं लगता कि इससे बेहतर कुछ हो सकता है।

### खेलो इंडिया विंटर गेम्स के लिए लांच किया गया थीम सॉन्ग, गुलमर्ग में 10 से 14 फरवरी तक होगा आयोजन

**नई दिल्ली ।** जम्मू एवं कश्मीर के गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर का आयोजन 10 से 14 फरवरी के बीच किया जाएगा। विंटर गेम्स के आयोजन से पहले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और उप राज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने खास कार्यक्रम में इसका थीम सॉन्ग, शुभंकर आदि लॉन्च किया। खेलो इंडिया विंटर गेम्स के तीसरे संस्करण के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इसके थीम सॉन्ग, शुभंकर को लॉन्च किया है। शनिवार को जम्मू के उपराज्यपाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में जर्सी भी जारी की गई है। इस वर्ष विंटर गेम्स का आयोजन 10 से 14 फरवरी तक किया जाएगा। इस दौरान सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि अमृत काल के पहले बजट में विकसित भारत के संपूर्ण संकल्प की नींव रखी है। इस बजट में गरीबों, महिलाओं, मजदूरों, मध्यम वर्ग, युवाओं, किसानों, एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के लोगों के लिए कुछ ना कुछ जरुर है। गुलमर्ग में होने वाले खेलों में देश भर के लगभग 1500 एथलीट हिस्सा लेंगे और 9 खेल आयोजनों में खेले जाएंगे। इसमें ओपन आइस हॉकी चैंपियनशिप, फिगर स्केटिंग और स्पीड स्केटिंग जैसे खेल शामिल है। खेलो इंडिया विंटर गेम्स का पहला संस्करण 2020 में हुआ था और मेजबान जम्मू और कश्मीर अब तक खेलों के दोनों संस्करणों में शीर्ष पर रहे हैं।

# ग्रेग चैपल ने मना, पंत और बुमराह के बिना भारतीय टीम कमजोर लग रही

**मेलबर्न ।**

पूर्व महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि आस्ट्रेलिया चार मैचों की आगामी टेस्ट सीरीज जीत सकता है, क्योंकि ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के नहीं होने से भारतीय टीम कमजोर लग रही है। दरअसल पंत सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद से लगभग पूरे साल नहीं खेल सकते हैं, जबकि कमर की चोट से जूझ रहे बुमराह पहले दो टेस्ट से बाहर है। चैपल ने लिखा, आस्ट्रेलिया सीरीज जीत सकता है। पंत, रविंद्र जडेजा और बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम कमजोर लग रही है। विराट कोहली पर बहुत अधिक दारोमदार होगा।

हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने घुटने की चोट से उबरने के बाद रणजी ट्रॉफी के द्वारा वापसी की और वह गुरुवार से नागपुर में शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए टीम में हैं। चैपल ने कहा कि टर्निंग विकेटों पर नाथन लियोन की जगह एश्टोन एगर को तरजीह दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, स्पिनरों की मददगार पिच होने पर एगर को चुना जाना चाहिये, क्योंकि ऊंगली की स्पिन अधिक सटीक होती है। अनिल कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट में 619 विकेट लिए और वह तेज, सपाट लेग ब्रेक डालता था। बल्लेबाजों को पता होता था कि




चूकने पर उनका विकेट गिर सकता है। एगर को भी यही करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आस्ट्रेलिया को कई पहलुओं पर काम करना होगा। उन्होंने कहा , डेविड वॉर्नर फॉर्म में नहीं है, भारत में उन्हें अपना टेस्ट रिकॉर्ड बेहतर करना होगा।

उस्मान ख्वाजा, एलेक्स कारी, ट्रेविस हेड और कैमरन ग्रीन को शानदार स्पिनरों के सामने खुद को परखना होगा। मार्नस लाबुशेन अपने कैरियर का पहला बड़ा टेस्ट देने वाले हैं।

## भारतीय तेज गेंदबाज रिवर्स स्विंग से खतरनाक साबित हो सकते : एलेक्स कैरी


**अलूर ।** भारतीय स्पिनरों पर फोकस करके अभ्यास कर रही आस्ट्रेलियाई टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने याद दिलाया है कि भारतीय तेज गेंदबाज भी चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला में रिवर्स स्विंग से खतरनाक साबित हो सकते हैं। आस्ट्रेलिया ने भारत दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। इसकी बजाय सिडनी में स्पिनरों की मददगार पिच पर एसजी गेंदों से अभ्यास किया। कैरी ने कहा ,'' पाकिस्तान दौरे से पहले स्पिनरों को लेकर काफी फोकस था, लेकिन मुझे रिवर्स स्विंग काफी कठिन लगी। उन्होंने 2018 में बेंगलुरू में अभ्यास मैच की याद दिलाई जब मोहम्मद सिराज ने 11 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा, मैंने 2018 में भारत ए के खिलाफ आस्ट्रेलिया ए के लिए चार दिवसीय अभ्यास मैच खेला था। उस समय स्पिन को लेकर काफी बात हो रही थी, लेकिन हम यह भूल गए कि दोनों टीमों के तेज गेंदबाज भी रिवर्स स्विंग से कितने खतरनाक हो सकते हैं।

## स्मिथ भारत के लिए चुनौती, लेकिन अक्षर इस चुनौती से निपट सकते : इरफान

**मुंबई ।** भारतीय टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतना काफी महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इस सीरीज में जीत के साथ भारत के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का राह आसान होगी। नौ फरवरी से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ के रूप में होगा। स्मिथ ने भारत में 14 टेस्ट मैचों में 1742 रन बनाए हैं, इतना ही नहीं भारत में उनका टेस्ट औसत 72.58 का है। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान ने कहा है कि स्मिथ भारत को चुनौती दे सकते हैं, लेकिन उनका मानना है कि भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल स्मिथ के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। इरफान ने कहा कि भारत को स्मिथ के खिलाफ एक उचित योजना बनाने की आवश्यकता है। इरफान ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि स्मिथ निश्चित रूप से एक ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज हैं। यदि आप ऑस्ट्रेलियाई इतिहास को भी गौर करे तब वह उस मुकाम पर हैं। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों को बहुत परेशान किया है, उन्होंने शतक जड़े हैं। भले ही उनके पास ठोस बॉटम हैंड से शॉट खेलने की कला है, लेकिन फिर भी वह विकट के सामने, ऑफ और लेग साइड पर रन बनाने के तरीके ढूंढते हैं। हमें स्मिथ के सामने एक उचित योजना बनाने की आवश्यकता है। इरफान ने कहा, स्टीव स्मिथ की चुनौती भारतीय टीम के लिए होगी, लेकिन मुझे लगता है कि एक व्यक्ति, जो मुझे बहुत अच्छा लग रहा है और जो वास्तव में स्मिथ के खिलाफ खतरा बन सकता है, वह अक्षर पटेल है। इरफान ने कहा कि अगर अक्षर लगातार स्टंप पर गेंदबाजी करते हैं, तब स्मिथ को परेशानी हो सकती है, क्योंकि स्मिथ निचले हाथ का काफी इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा,वह जिस लाइन और लेंथ में गेंदबाजी करते हैं, जिस सीधी गेंद से वह गेंदबाजी करते हैं, वह स्मिथ को एलबीडब्ल्यू या बोल्ड कर सकते हैं। खासकर, इसलिए क्योंकि स्मिथ अपने निचले हाथ का बहुत उपयोग करते हैं।

# पिच में गडढ़े और अश्विन का डुप्लीकेट बॉलर बुलाकर प्रैक्टिस में जुटी कंगारु टीम


**नई दिल्ली ।** नागपुर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले पहले टेस्ट मैच में अब सिर्फ कुछ दिन शेष है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की पिछली तीन सीरीज में भारत का दबदबा रहा है और अब टीम इंडिया की नजर एक और शानदार जीत पर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच की जंग मौजूदा दौर में सबसे कड़ी टक्कर होती है। कंगारु टीम हर पैंतरा अपनाने में जुटी हुई हैं, और 9 फरवरी से पहले अलग-अलग तरह से तैयारी कर रही है। भारत के खिलाफ मैच से पहले कंगारू टीम किस तरह अलग-अलग तरीकों से प्रैक्टिस कर रही है। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारत में सीरीज शुरू होने से पहले बेंगलुरु में अपना कैंप लगाया है। यहां पर एक स्पेशल स्टेडियम बुक किया गया है, जिसमें कंगारू टीम प्रैक्टिस कर रही है। भारतीय स्पिनर्स से लोहा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया की अलग तरह से तैयारी चल रही है, उन्होंने पिच में पहले ही गड्ढे कर लिए हैं। यानी पिच टेस्ट के तीसरे-चौथे दिन जिस तरह होती है, अभी से वह उसकी तैयारी में जुटे हैं, क्योंकि इन पिचों पर स्पिन ज्यादा होती है, कंगारू बल्लेबाज अभी से इसके लिए तैयार होना चाहते हैं। भारत में टेस्ट सीरीज जीतना विदेशी टीमों के लिए इसलिए भी मुश्किल है, क्योंकि टीम इंडिया के पास बेहतरीन स्पिनर्स हैं, जो भारतीय पिचों पर कमाल करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम इसी तैयारी में जुटी है और कमाल की तकनीक उसने निकाली है। रविचंद्रन अश्विन के लिए तैयारी करने के लिए उन्होंने डुप्लीकेट बॉलर बुलाया है, जो महेश पिथिया हैं। महेश हू-ब-हू अश्विन की तरह बॉलिंग करते हैं, उनका एक्शन भी सेम है। इनके अलावा ऑस्ट्रेलिया ने कुछ अन्य नेट बॉलर्स भी रखे हैं, जो लेफ्ट आर्म, राइट आर्म स्पिन करवाते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम जीत




के लिए किसी भी हदतक जा सकती है। मैदान के भीतर हो या मैदान के बाहर, ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी विरोधी टीम को अपने माइंड गेम का शिकार बनाते हैं। भारत के खिलाफ सीरीज से पहले भी ऐसा हो रहा है, मौजूदा टीम के खिलाड़ी हो या फिर पूर्व खिलाड़ी, हर किसी ने भारत को प्रैक्टिस के लिए बेहतर पिच ना देने का आरोप लगाया है। इयान हिली, स्टीव स्मिथ ने कहा है कि भारत में प्रैक्टिस मैच और टेस्ट सीरीज के लिए अलग-अलग पिच मिल रही थी, इसलिए हमने प्रैक्टिस मैच नहीं खेलने का फैसला किया है।

## अंडर 21 हॉकी अंतरराष्ट्रीय आयोजनों का कराता है अहसास : शारदा तिवारी

**ग्वालियर,** भारत की अंडर-21 हॉकी टीम के सदस्य शारदानंद तिवारी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव है और उनका कहना है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स खिलाड़ियों को शीर्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव कराता है। तिवारी प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजनों में खेल चुके हैं और पांचवीं बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स खेलने के लिए ग्वालियर में हैं और केआईवाईजी को एक ऐसा मंच बताया जो नए खिलाड़ियों को ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की तरह महसूस कराता है।तिवारी, जिन्होंने पिछले साल भुवनेश्वर में आयोजित जूनियर विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व किया था, वह खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 मध्य प्रदेश में अपनी पांचवीं उपस्थिति दर्ज कराएंगे। वह जमीनी स्तर के इस आयोजन में गुणवत्ता और अनुभव लेकर आते हैं। भारतीय सीनियर टीम के एक डिफेंडर तिवारी ने कहा, यह एक बहुत अच्छा मंच है। यह शुरूआती लोगों के लिए अच्छी बात है क्योंकि यह उन्हें अंतरराष्ट्रीय खेलों का अनुभव देता है। उन्हें पता चलता है कि ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे आयोजन कैसे आयोजित किए जाते हैं। साथ ही नए खिलाड़ियों को पता चलता है कि देश में किस तरह की प्रतिभाएं हैं और उनसे कैसे घुलना-मिलना है। उन्होंने कहा कि, सीनियर खिलाड़ी होने के नाते वह इस बात का ख्याल रखते हैं कि नए खिलाड़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो और जो खिलाड़ी टिप्स के लिए आते हैं उनकी मदद भी करते हैं।





# क्या सच है ये जादू

## जब टीवी या थियेटर में तुम जादू वाली मूवी देख रहे होते हो तो तुम्हे सच में जादुई दुनिया पर यकीन होने लगता है।

जब टीवी या थियेटर में तुम कोई फैंटेसी से भरी, जादू वाली मूवी देख रहे होते हो तो तुम्हे सच में जादुई दुनिया पर यकीन होने लगता है। ऐसा लगता है मानो हैरी पॉटर का जादुई झाडू और नार्निया का बोलने वाला रौबदार शेर सच में हो सकता है, लेकिन असल में परदे पर इन कल्पनाओं को साकार करने के लिए इंसानी दिमाग की ताकत और कम्प्यूटर जनरेटेड इमेजरी का भरपूर इस्तेमाल होता है। चलो ऐसे ही कुछ फैक्ट्स से रूबरू होते हैं, जहां इंसान के हाथों ने वीएफएक्स यानी विजुअल इफेक्ट्स के साथ जादू रचा है।

### हैरी पॉटर

टैक्नोलोजी की आज की दुनिया में हालांकि स्पेशल इफेक्ट्स की दुनिया इतनी बड़ी हो गई है कि इंसान कई कल्पनाओं को सच कर सकता है। फिल्मों में इन इफेक्ट्स का होना दर्शकों के लिए रोमांच तो पैदा करता ही है, साथ ही साइंस से भी जोड़ता है। बच्चों के लिए बनने वाली फिल्मों में इस तरह के इफेक्ट्स और भी रोमांचक तरीके से फिल्माए जाते हैं ताकि बच्चे अपनी कल्पना का विस्तार कर सकें। हैरी पॉटर मूवी में हैरी के लम्बे चौड़े दानव रूपी दोस्त हैग्रिड का होना वास्तव में कुछ देर को अचंभित कर देता है। ऐसा लगता है कि क्या वाकई दुनिया में कहीं इतना बलशाली आदमी मौजूद है? पर असल में इसमें भी स्पेशल




इफेक्ट्स का कमाल मिक्स है।
फिल्म के प्रोड्यूसर्स ने एक 6 फीट 10 इंच के आदमी को हैग्रिड की भूमिका निभाने वाले कलाकार के बॉडी डबल की तरह यूज किया। साथ में हैग्रिड की झोपड़ी के दो वर्जन बनाए गए। एक बड़ा सैट जिसमें हैरी, उसके दोस्त और बाकी नॉर्मल साइज के लोग छोटे दिखें और एक छोटा सैट जिसमें हैग्रिड दैत्य जैसा बड़ा दिखे। जब सीन को फाइनली एडिट करके विजुअल इफेक्ट्स के साथ दिखाया जाता है तो ऐसा लगता है मानों हैग्रिड सच में ऐसा ही है। यही नहीं इसी मूवी में जो घूमते, चलती-फिरती सीढ़ियां दिखाई देती हैं उनमें से सिर्फ एक ही असली थी बाकी सभी सीढ़ियों के छोटे मॉडल्स थे।

### द क्रॉनिकल्स ऑफ नार्निया

इस सीरीज की एक मूवी को स्पेशल इफेक्ट्स के मामले में एक माइलस्टोन की तरह माना जाता है। इसके क्लाइमैक्स में हवा में अपनी जगह पर खड़ी लहरों को दिखाने के लिए स्पेशल विजुअल इफेक्ट्स का सहारा लिया गया। इस मूवी में हवाइट विच के रूप को दिखाने के लिए एक्ट्रेस टिल्डा स्विंटन के चेहरे पर ग्रीन स्क्रीन और 3 डी टैक्नीक का सहारा लिया गया।
उसके चेहरे को इस प्रकार दिखाया गया कि वह बर्फ की बनी नजर आए। इसके अलावा इसी सीरीज की एक मूवी में जब एक पानी में उछलने-कूदने वाली जलपरी की जरूरत पड़ी तो एक इंसानी चेहरे और मछली जैसी दुम के साथ आर्टिफिशियल मॉडल बनाकर उसे असली पानी के साथ शूट किया गया, ताकि वह असली जैसा लुक दे सके।

### स्पेशल इफेक्ट्स से जुड़े कुछ बड़े नाम

जो नाम यहां शामिल हैं वे ज्यादातर किसी भी मूवी में स्पेशल इफेक्ट्स देने वाली टीम के लीडर या सीनियर सदस्य हैं। ऐसे कई लोगों की टीम मिलकर ही किसी मूवी में ढेर सारे इफेक्ट्स से जुड़े काम करती है जिसमें अलग-अलग डिपार्टमेंट होते हैं और सभी मिलकर काम करते हैं। इसलिए बधाई के पात्र भी सभी होते हैं।

- एंगस बिकर्टन- द क्रॉनिकल्स ऑफ नार्निया: द वॉएज ऑफ द डॉन ट्रेडर
- स्कॉट फेरर- ट्रांसफॉर्मर्स: डार्क ऑफ द मून
- टिम ब्रुक- हैरी पॉटर एंड द डेथली हैलोज पार्ट-2
- वीज्ली सिवेल- थोर
- डेनिस म्यूरेन- सुपर 8, ईटी और जुरासिक पार्क
- डीन राइट और वेंडी रॉजर्स- द क्रॉनिकल्स ऑफ नार्निया-2

# छोटा राजा

एक समय की बात है दूर एक देश में चिंटु नाम का एक लड़का रहता था और वह अपने माता-पिता से खुब प्यार करता था। चिंटु बहुत ही अच्छा लड़का था और इसी वजह से सब उसे खुब पसंद करते थे। लेकिन चिंटू जिस देश मे रहता था वहाँ का राजा बहुत ही क्रुर था। वहाँ के राजा से सब डरा करते थे। चिंटू रोज अपने आस-पास देखता की राजा के सेनिक लोगो को बेवजह तंग किया करते थे। ऐसे मे वह अपने पापा से पूछता, पिताजी ये लोग हमेशा दूसरों को तंग करते है। इन्हे रोकने वाला कोई नहीं है क्या?
पिताजी उस वक्त अपने कार्य मे व्यस्थ थे इस वजह से उन्होनें चिंटू से कहा, चिंटु, देख नहीं रहे हो बेटा मैं अभी काम कर रहा हूँ। चलो जाओ अभी हम बाद मे बात करेंगे। ऐसा कहकर पिताजी ने चिंटू का जवाब नहीं दिया। लेकिन चिंटू तो ठहरा जिज्ञासु लड़का अगर उसे कुछ जानना हो तो वह कुछ भी करके जान ही लेता। ऐसे में वह अपनी माँ के पास गया और माँ से वही सवाल पुछा, माँ ये लोग हमेशा दूसरों को तंग करते है। इन्हे रोकने वाला कोई नहीं है क्या?
माँ ने अपने प्यारे से चिंटू की ओर देखा ओर कहा, इन्हे सिर्फ एक आदमी ही ऐसा करने से रोक सकता है।
और वो कौन है माँ? बताईये ना जल्दी बताईये। चिंटू ने कहा।
माँ बोली, अरे मेरे लाल इतनी भी क्या जल्दी है? क्या करोगे जान कर?
आप बताईये ना मुझे जानना है। चिंटू ने माँ से कहा।
माँ ने जवाब देते हुए कहा, वो राजा है बेटा। ये सारें सेनिक उन्हीं के है और वही इन्हें रोक सकते है।
चिंटू ने फिर सवाल पुछा, तो वो इन्हें ऐसा करने से रोकते क्यो नही?
माँ ने जवाब में कहा, क्योंकि हमारे राजा अच्छे राजा नही है। वो लोगो को खुब परेशान करते है ओर जो मील जाए उसे सजा सुना देते है। ऐसे में चिंटू ने कहा, माँ मैं इन सेनिको से लड़ूंगा और सबकी राजा से रखवाली करूंगा। माँ हस्ते हुए बोली, तुम तो बहुत छोटे हो, तुम्हारे पास कोई सेना भी नही है और ना ही तुम्हारे पास कोई जादुई ताकत है। तो फिर तुम कैसे राजा से लड़ोगे?
माँ की ऐसी बातें सुन कर चिंटू निराश हो गया और मन ही मन सोचने लगा की ऐसा क्या है जो मैं कर सकता हूँ?
अब रात का समय हो चला था और चिंटु के मन से वह बात घर कर चुकी थी। चिंटू सोते-सोते एक ही बात सोच रहा था की आखिर कैसे मैं राजा से लड़ सकता हूँ। यह सोचते-सोचते वह भगवान से विनती किया और कहा की हे भगवान मुझे सकती दो की मैं राजा को हरा कर देश के लोगो की रक्षा कर सकूँ। नींद में चिंटू को एक सपना आया। सपने में एक परी आई और उसने चिंटू से कहा, चिटु तुम्हारी प्रार्थना भगवान ने सुन ली है और उन्होनें तुम्हें राजा से लड़ने के लिए ये तलवार दिया है। जबतक तुम्हारे पास यह तलवार है तुम्हारी ताकत बढ़ जायेगी ओर तुम्हारा कोई कुछ नहीं कर पायेगा। यह कहकर परी चली गई। चिंटू की सुबह नींद खुली और उठते ही उसने सबसे पहले अपना पुरा घर खोजा। वह अपने घर का एक-एक कोना खोजने लगा लेकिन उसे वह तलवार कही ना मिली। ऐसे मे थक हार कर चिंटु अपने बिस्तर में जा बैठा। बैठे-बैठे वह सोचने लगा, क्या वह बस एक सपना था या ऐसा सचमें हुआ था?
अचानक चिंटू को याद आया की घर में ऐसी बस ऐसी एक जगह बची है जहाँ उसने अभीतक नहीं देखा है ओर वह था बिस्तर के नीचे। उसने तुरंत अपने बिस्तर के नीचे झुककर देखा और उसे वहाँ एक चमकिला तलवार मिला। तलवार को देखते ही वह उसे तुरंत बाहर निकाला। उस तलवार की चमक अन्य सभी तलवरो से अधिक थी और ओर तलवार दिखने में जादुई लग रही थी जैसा की परी ने उसे कहा था। अब चिंटू तलवार को हाथ में लिए राजा के महल की ओर चल पडा। चिंटु की हाथ मे वह तलवार देख सब चौक गए ओर सब चिंटू के पीछे-पीछे राजा के महल की ओर जाने लगे।
जैसे ही चिंटू महल के दरवाजे की ओर पहुचा तो महल के 3 सिपाहियो ने उसे रोकने की कोशिश लेकिन उस तलवार की वजह से कोई भी चिंटू के सामने नही टिक पाया। अब चिंटु महल के अन्दर जा पहुचा ओर राजा को सीधा चुनौती दिया।
एक छोटे बच्चे को अपने सामने देख राजा हसने लगा ओर कहा, बच्चे ये उम्र तुम्हारे खेलने की है चलो जाओ और तलवार यही छोड दो।
यह सुनकर चिंटू ने राजा पर सिधे हमला किया और दोनों के बीच लड़ाई चालू हो गई। दोनों के बीच की वह लड़ाई सरि जनता खड़े होकर देख रही थी। सबने देखा की चिंटू एक छोटा बच्चा कितनी बहादुरी से राजा से लड़ रहा है। और अन्त में उस तलवार ने अपना कमाल दिखाया और चिंटू ने उस राजा को हरा दिया ।
अब उस देश का राजा चिटु बन चुका था। चिंटू से राजा ओर उसके सेनिको को कड़ी सजा दि। अब सब चिंटू के देश में खुश रहने लगे और चिंटू खुसी-खुसी अपने देश में राज करने लगा।



# 30 सालों से वीरान पड़ा है कनाडा का शहर किटसॉल्ट

दुनिया में ऐसी कई जगहें हैं, जिनके बारे में सुनकर हैरानी होती है। इनमें से कुछ जगहें अपनी खासियत के लिए जानी जाती है तो कुछ जगहें ऐसी भी हैं, जो अपने अजीबोगरीब कारणों के लिए प्रसिद्ध है। ऐसा ही एक शहर कनाडा में है, जिसका नाम किटसॉल्ट है। कभी इस शहर में अच्छी खासी बस्ती हुआ करती थी, लेकिन पिछले 30 सालों से ये जगह वीरान पड़ी हुई है। बताया जाता है कि इस शहर में 1200 लोग रहते थे। वे सभी शहर के पास चलने वाली एक माइनिंग कंपनी में काम करते थे, जिसकी वजह से उनकी रोजी-रोटी चलती थी। लेकिन कुछ समय बाद कंपनी का काम खत्म हो गया, ऐसे में वे सभी बेरोजगार हो गए और रोजी-रोटी की तलाश में शहर छोड़कर चले गए। आज भी यहां बेहतरीन मकान, रेस्त्रां, अपार्टमेंट्स, लाइब्रेरी सबकुछ है, लेकिन इंसानों के बिना ये बस्ती वीरान पड़ी हुई है। पिछले 30 सालों से वीरान होने के कारण कुछ लोगों का ये कहना है कि यहां अब प्रेत-आत्माओं का वास है।



# भारत की इस दुर्लभ चायपत्ती की दुनिया भर में है डिमांड

भारत में लगभग हर घर में सुबह-सुबह चाय की भीनी-भीनी खुशबू से ही लोगों नींद खुलती है। चाय की एक-एक घूंट ताजगी भरा एहसास दिलाती है। अगर चाय की बात की जाए और असम का जिक्र ना हो, तो बात ही पुरी नहीं हो सकती है। असम के बगानों में चाय की कई प्रजातियों की खेती होती है। हाल ही में असम में दुर्लभ प्रजाति वाली चायपत्ती ने खास रिकॉर्ड बनाया है। इस चायपत्ती को नीलामी केंद्र पर 75 हजार रुपए प्रति किलो की कीमत पर बेचा गया है। मनोहारी गोल्ड टी खास तरह की दुर्लभ चायपत्ती है। इस चाय को गुवाहाटी चाय नीलामी केंद्र पर 75 हजार रुपए प्रति किलो की कीमत पर बेचा गया है। मनोहारी गोल्ड टी असम में इस साल दर्ज चाय की सबसे ऊंची कीमत है। इस खास चायपत्ती की खेती करने वाले मनोहारी टी स्टेट का कहना है कि इस साल इसकी केवल 25 किलो पैदावार हुई। कुल पैदावार में से 12 किलो चायपत्ती की नीलामी हुई है। मनोहारी टी स्टेट के मुताबिक, ये खास तरह की चायपत्ती होती है, जिसे सुबह 4 से 6 बजे के बीच सूरज की किरणें जमीन पर पड़ने से पहले तोड़ा जाता है। इस चायपत्ती का रंग हल्का मटमैला पीला होता है। इतना ही नहीं ये चायपत्ती अपनी खास तरह की खुशबू के लिए भी मशहूर है।
असम में इस दुर्लभ चायपत्ती की खेती 30 एकड़ में की जाती है। इस चायपत्ती के पौधों से पत्तियों के साथ कलियों को तोड़ा जाता है, फिर इन्हें फर्मेंटेशन की प्रोसेस से गुजारा जाता है। फर्मेंटेशन के दौरान इस चायपत्ती का रंग हरा से बदलकर भूरा हो जाता है। इसके बाद सुखाने पर ये चायपत्ती सुनहरे रंग की हो जाती है। डेक्कन हेराल्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लॉकडाउन, मानसून और बाढ़ का सीधा असर भी असम के चाय बगानों पर पड़ा है। चायपत्ती उद्योग इस साल 1 हजार करोड़ के घाटे से जूझ रही है। लेकिन हाल ही में हुए मनोहारी गोल्ड टी की नीलामी ने कुछ राहत पहुंचाई है।



# हिमाचल में निवास करते हैं दुनिया के आधे कलहंस

विश्व की सबसे बड़ी आर्द्रभूमियों में से एक हिमालय की तराई में निर्मित कृत्रिम आर्द्रभूमि पोंग डैम इस समय लगभग 43,000 कलहंसों का निवास स्थल है। वन्यजीव अधिकारियों का कहना है कि यह विश्व में कुल कलहंसों की लगभग आधी आबादी है, जो हिमाचल प्रदेश के पोंग डैम में आश्रय लिए हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस बार पोंग आर्द्रभूमि में पिछले वर्षों की अपेक्षा अधिक संख्या में कलहंस पहुंचे हैं। वन (वन्यजीव) के सहायक संरक्षक डीएस डडवाल के अनुसार, आर्द्रभूमि में रहने वाली पक्षियों की प्रजाति की गणना में लगभग 43,000 प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी का पता चला है। राज्य वन्यजीव विभाग ने 29 जनवरी को पोंग जलाशय में पक्षी गणना कराई थी। कलहंसों के अलावा कांगड़ा घाटी स्थित पोंग जलाशय में सामान्य कूट पक्षी, पिनटेल, सामान्य एवं गुच्छेदार तथा लाल कलगी वाले पोचार्ड प्रजाति के बत्तख, सामान्य चैती, छोटे जलकाग, बड़ी कलगी वाले ग्रेब और भूरी टांगों वाले कलहंस जैसी प्रजाति के पक्षियों की मौजूदगी का पता चला है।
पक्षी गणना में 119 प्रजातियों के 1,28,200 पक्षियों की मौजूदगी का पता चला है। साथ ही भारतीय आर्द्रभूमि क्षेत्र में कम ही दिखने वाले सामान्य शेलडक, सारस क्रेन, मछलियों का शिकार करने वाले बाज (ओस्प्रे), बफ बेलीड पिपिट, भारत में पाया जाने वाला स्किमर और छोटा गुल आधि प्रजाति के पक्षियों की मौजूदगी का भी पता चला है। डडवाल ने कहा कि पोंग डैम में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कलहंस पक्षियों ने डेरा डाला है। कलहंस हर वर्ष मध्य एशिया तथा तिब्बत और लद्दाख से यहां प्रवास पर आते हैं। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के सहायक निर्देशक एस. बालाचंद्रन का कहना है कि कलहंस पक्षी बड़ी संख्या में पोंग डैम की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। पोंग डैम आर्द्रभूमि क्षेत्र में स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की 421 प्रजातियां, सांपों की 18 प्रजातियां, तितलियों की 90 प्रजातियां, स्तनपाई जीवों की 24 प्रजातियां और मछलियों की 27 प्रजातियां पाई जाती हैं।





# करोड़ों में बिकी है ये झोपड़ी

दुनिया में ऐसे कई आलीशान घर हैं जो अपनी खूबसूरती और गजब डिजायन के लिए फेमस हैं। ऐसे घरों की कीमत भी करोड़ों में ही होती है। जो आम लोग नहीं खरीद पाते हैं। ऐसे कई महल और बंगलों के बारे में आपने सुना होगा। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि एक झोपड़ी की कीमत भी करोड़ों में हो सकती है।
जी हां, ये बात सच है। इंग्लैंड में साधारण सी दिखने वाली एक झोपड़ी करोड़ों में बिकी है। दरअसल, तालाब किनारे इस झोपड़ी को पहले लोग साधारण मान रहे थे। कभी किसी ने इसकी तरफ ध्यान भी नहीं दिया। लेकिन हाल ही में ये झोपड़ी 10 करोड़ में बिकी है। जिसके बाद से ये झोपड़ी चाय पर चर्चा का विषय बन गई है। बिकने के बाद से इसकी सच्चाई सबके सामने आई तो लोगों के होश उड़ गए। साधारण सी दिखने वाली इस झोपड़ी का इंटीरियर महलों जैसा है। इसके अंदर की सजावट किसी बंगले से कम नहीं है बताया जा रहा है कि ये झोपड़ी नहीं बल्कि तीन बेडरूम वाला अच्छा-खासा घर है। जिसे 1964 में बनाया गया था। 2016 इसके मालिक ने इसके इंटीरियर पर काम किया और फिर 10 करोड़ में इसे बेच दिया। कई सालों तक यहां पर कई सिलेब्रिटीज किराए पर भी रहे। उस समय लोग समझते थे कि तालाब किनारे होने के कारण लोग यहां पर आते हैं लेकिन उन्हें इसकी खूबसूरती का पता नहीं था। सच्चाई पता लगने के बाद से इसकी खूबसूरत फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। फोटोज में देखा जा सकता है कि इसका इंटीरियर किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं हैं। इसके मालिक ने बताया कि इससे पहले ये झोपड़ी 3 करोड़ में बिकी थी लेकिन तब यहां पर कोई सुविधाएं नहीं थीं। इसके मालिक ने इस झोपड़ी की फोटो शेयर करते हुए कहा कि 'अगर आप भी इसे एक छोटी सी झोपड़ी समझने की गलती कर रहे हैं तो ये आपकी सबसे बड़ी भूल होगी। इस भूल को सुधारने के लिए आपको एक बार यहां जरूर आना चाहिए और इसकी खूबसूरती देखनी चाहिए।'

## अमेरिकी अदालत ने टेस्ला ट्वीट 2018 मामले में मस्क को क्लीन चिट दे दी

वाशिंगटन । टिवटर के अधिग्रहण के बाद से विवादों में घिरे रहे एलन मस्क को एक बड़ी राहत मिली है। 2018 के टेस्ला ट्वीट मामले में अमेरिकी अदालत ने मस्क को क्लीन चिट दे दी है। अमेरिकी जूरी ने अपने फैसले में बताया कि टेस्ला के सीईओ मस्क ने निवेशकों धोखा नहीं दिया है। जूरी के अनुसार, टेस्ला के सीईओ निवेशकों के नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं थे, क्योंकि उन्होंने ट्वीट किया था कि वहां कंपनी को निजी लेने और धन सुरक्षित करने के बारे में सोच रहे हैं। 2018 से जुड़े मामले पर अब जूरी का फैसला आया है, जिस पर मस्क ने खुशी जाहिर की है। मस्क ने ट्वीट कर जूरी धन्यवाद देकर लिखा, भगवान का शुक्र है, लोगों के ज्ञान की जीत हुई है। मैं टेस्ला 420 टेक-प्राइवेट मामले में जूरी के फैसले की सराहना करता हूं। मस्क ने अगस्त 2018 में ट्वीट किया था कि वह 420 अमेरीकी डॉलर में टेस्ला को निजी कंपनी बनाने पर विचार कर रहे हैं। इसके बाद उन पर निवेशकों के धोखा देने और गलत जानकारी देने का आरोप लगा था। इसके खिलाफ निवेशकों ने मस्क, टेस्ला और कंपनी के बोर्ड पर मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें कहा गया था कि मस्क के इस ट्वीट से निवेशकों को वित्तीय नुकसान हुआ है। हालांकि, मामले के ट्रायल में अमेरिकी जूरी ने मस्क को उत्तरदायी नहीं माना है। जूरी ने कहा है कि टेस्ला के सीईओ मस्क और टेस्ला 2018 में मस्क के ट्वीट के माध्यम से निवेशकों को गलत जानकारी देने के लिए जिम्मेदार नहीं थे।

## इजरायली सैनिकों ने फिलिस्तीनी व्यक्ति को मौत के घाट उतारा

रामल्ला । वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के हुवारा गांव के पास इजरायली सैनिकों ने एक फिलिस्तीनी व्यक्ति को मौत के घाट उतारा। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने कहा कि गांव के पास एक सैन्य चौकी पर इजरायली सैनिकों द्वारा गोली मारे जाने के बाद 24 वर्षीय अब्दुल्ला कलालवेह की मौत हो गई। इस बीच, इजरायली मीडिया ने बताया कि कार चला रहा एक फिलिस्तीनी चौकी के पास पहुंचा, अपने वाहन से बाहर निकला, और अन्य सैनिकों द्वारा गोली मारे जाने से पहले एक सैनिक के हथियार को छीनने की कोशिश की। इजरायली अधिकारियों ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की। 26 जनवरी को इजरायली सेना ने कब्जे वाले उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन शरणार्थी शिविर पर छापा मारा और नौ फिलिस्तीनियों को मार डाला और 16 अन्य को घायल कर दिया। एक दिन बाद एक बंदूकधारी ने पूर्वी यरुशलम में एक यहूदी बस्ती में आराधनालय के पास लोगों पर गोलियां चलाई, इसमें कम से कम सात लोग मारे गए। जनवरी की शुरुआत से हिंसा में लगभग 35 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में वेस्ट बैंक में 170 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए थे और इस साल जनवरी में कम से कम 29 मारे गए हैं।

## पूर्व पॉप स्टार गैरी ग्लिटर ब्रिटेन की जेल से हुए बाहर

### -1970 के दशक में 3 युवतियों का यौन उत्पीड़न करने के मामले में 16 साल से थे कैद

लॉस एंजेलिस । पूर्व पॉप स्टार गैरी ग्लिटर को यौन उत्पीड़न के मामले में आधी सज़ा काटने के बाद शुक्रवार को इंग्लैंड की एक जेल से रिहा कर दिया गया। उसे 1970 के दशक में तीन युवतियों का यौन उत्पीड़न करने के मामले में 16 साल कैद की सज़ा सुनाई गई थी। ग्लिटर का असली नाम पॉल गड है। उन्यासी वर्षीय गायक को दक्षिण पश्चिम इंग्लैंड में डोरसेट की एक जेल से रिहा कर दिया गया। ब्रिटेन में दोषियों को आधी सज़ा पूरी करने के बाद जेल से रिहा करना आम बात है और इसके बाद उन्हें परिवीक्षा पर रखा जाता है। न्याय मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पॉल गड जैसे यौन अपराधियों पर पुलिस और परिवीक्षा सेवा करीब से निगाह रखती है और उन पर कुछ सख्त शर्तें लागू की जाती हैं, जिनमें उनके शरीर में जीपीएस टैग लगाना भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि अगर अपराधी इन शर्तों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसे वापस जेल भेजा जा सकता है। गायक को तीन लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने का दोषी पाया गया था, जिसमें से एक की उम्र 13 साल से कम थी। उसे अक्टूबर 2012 में गिरफ्तार किया गया था।

## ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर पर अमेरिका में एक्शन, भारत में कंपनी पर छापेमारी

न्यूयॉर्क । यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर अमेरिका में दी गई अपनी दवा की पूरी खेप को वापस मांग रहा है। कंपनी पर आरोप है कि उसकी दवा डालने से लोगों की आंखों की रोशनी चली गई, जबकि एक की मौत हो गई। इस खबर के बाद केंद्रीय एजेंसी भी हरकत में आ गई। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन और तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर ने चेन्नई स्थित ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर पर देर रात छापा मारा। ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर, चेन्नई से 40 किमी दक्षिण में स्थित है। यूएसएफडीए ने कहा कि चेन्नई स्थित कंपनी इजरीकेयर, एलएलसी और डेलसैम फार्मा द्वारा उपभोक्ता स्तर पर वितरित की जा रही 'आर्टिफिशियल टियर्स ल्यूब्रीकैंट' आई ड्रॉप को संभावित संदूषण के चलते वापस ले रही है। बयान में कहा गया है कि आज की तारीख तक, आंखों में संक्रमण, स्थायी रूप से आंखों की रोशनी चले जाने और रक्तधारा संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत होने सहित आंखों को नुकसान पहुंचने के 55 मामले सामने आ चुके हैं। कंपनी ने बयान में कहा है कि इसने इस उत्पाद के वितरकों अरु फार्मा इंक और डेलसैम फार्मा को इसकी सूचना दी है तथा अनुरोध कर रहा है कि थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और ग्राहक, जिनके पास भी यह (वापस लिया जा रहा) उत्पाद है वे इसका उपयोग बंद कर दें।

## ईशनिंदा सामग्री नहीं हटाने विकिपीडिया को पाकिस्तान ने ब्लॉक किया

इस्लामाबाद । पाकिस्तान सरकार ने देश में विकिपीडिया को ईशनिंदा सामग्री को हटाने के संदर्भ में 48 धंटे के लिए बैन कर दिया था। अब जब ईशनिंदा सामग्री नहीं हटी तो पाकिस्तान ने विकिपीडिया को ब्लॉक कर दिया। शहबाज सरकार ने ईशनिंदा वाले कंटेंट को हटाने का आदेश दिया था, लेकिन प्लेटफॉर्म ने कंटेंट को नहीं हटाया, जिसके बाद यह एक्शन लिया गया है। 1 फरवरी को पाकिस्तान में ईशनिंदा सामग्री पर 48 घंटों के लिए विकिपीडिया की सेवाओं को बैन किया गया था। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अब विकिपीडिया को 48 घंटे की समय सीमा समाप्त होने के बाद ब्लॉक कर दिया गया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने विकिपीडिया सेवाओं को अवरुद्ध कर दिया है क्योंकि मंच अपवित्र सामग्री को हटाने में विफल रहा है। यह कार्रवाई पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण या पीटीए द्वारा अनुपालन न करने की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी के कुछ दिनों बाद आई है। पीटीए ने कहा कि अपवित्र सामग्री को ब्लॉक/हटाने के लिए विकिपीडिया से संपर्क किया गया था। फ़िलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि विकिपीडिया को क्या हटाने के लिए कहा जा रहा है। पीटीए ने एक बयान में कहा, मंच ने न तो ईशनिंदा सामग्री को हटाया और न ही अधिकारियों के सामने पेश हुआ। नियामक ने कहा कथित गैरकानूनी सामग्री को हटाने के अधीन विकिपीडिया की सेवाओं की बहाली पर पुनर्विचार किया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि विकिपीडिया पर विकिपीडिया की सेंसरशिप पर एक लेख है। इसमें उल्लेख किया गया है कि इसी तरह का विकिपीडिया प्रतिबंध चीन, ईरान, म्यांमार, रूस, सऊदी अरब, सीरिया, ट्यूनीशिया, तुर्की, उज्बेकिस्तान और वेनेजुएला सहित देशों में हुआ है।

## दुनिया के कई देश ब्रिक्स में शामिल होने दिखा रहे हैं रुचि : नलेदी पंडोर

कैप्टाउन । दक्षिण अफीका की विदेश मंत्री नलेदी पंडोर ने कहा कि दुनिया के कई देश ब्रिक्स में शामिल होने में रुचि दिखा रहे हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि यह समूह बहुपक्षवाद को मजबूत करने, सुधारों को बढ़ावा देने और वैश्विक आर्थिक विकास को गति देने के अपने मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध बना हुआ है। ब्रिक्स, एक आर्थिक ब्लॉक है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफीका शामिल हैं। ब्रिक्स का गठन 16 जून 2009 को हुआ था। दक्षिण अफीका दिसंबर 2010 में इस संगठन में शामिल हुआ था। दक्षिण अफीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध और सहयोग मंत्री नलेदी पंडोर ने मंगलवार को देश के लिम्पोपो प्रांत में 2023 की पहली ब्रिक्स शेरपा और सूस-शेरपा बैठक में शामिल हुए प्रतिनिधियों को संबोधित किया।



उत्तर-पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका के ज्यादातर हिस्सों में कड़कड़ाती ठंड के चलते न्यूयॉर्क शहर में मिडटाउन मैनहटन में सर्दियों के मौसम की सैर के खिलाफ लोग इकट्ठे हो गए।

## गैरकानूनी तरीके से अमेरिकी सीमा में प्रवेश कराने भारतीयों से वसूले जाते हैं 21 हजार डॉलर

वाशिंगटन । एरिजोना की कोचाइस काउंटी के शेरिफ मार्क डैनल्स ने वाशिंगटन में सांसदों से कहा कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठन अमेरिकी सीमा में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश करने में भारतीयों की मदद करने के एवज में उनसे औसतन 21 हजार डॉलर वसूलते हैं। डैनल्स ने इस सप्ताह सदन की न्यायपालिका समिति के सदस्यों को बताया कि एक आपराधिक संगठन ने विदेशी नागरिक को गैरकानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश कराने के लिए कम से कम 7 हजार डॉलर वसूले। डैनल्स ने कहा कि मैक्सिको के साथ लगती सीमा सुरक्षित नहीं है। अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों का कब्जा है। उन्होंने कहा कि वे तय करते हैं कि कौन आएगा। उनका शुल्क इस बात से तय होता है कि आप कौन हैं। क्या आप किसी और देश से आने वाले आतंकवादी हैं। उन्होंने कांग्रेस सदस्य बैरी मूरे के एक सवाल के जवाब में कहा कि मुझे लगता है कि भारतीयों से 21 हजार डॉलर लिए जाते हैं, लेकिन न्यूनतम राशि अभी करीब 7 हजार डॉलर है। इनमें से ज्यादातर लोगों के पास इतना पैसा नहीं होता है। डैनल्स ने कहा कि इसलिए जब वे देश में आते हैं, तो अंत में इन संगठनों के गुलाम बन जाते हैं, जो देह व्यापार, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और श्रम के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं।

## हाथों में एटमी ब्रीफकेस, दुनिया को पुतिन का विनाशकारी संदेश, जंग में हराने के बारे में सोचना भी मत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** हर गुजरते वक्त के साथ रूस और यूक्रेन की जंग और भीषण होती जा रही है। तोप से गोले ही नहीं दागे जा रहे हैं, रूस ने रणभूमि में न्यूक्लियर हथियार उतार दिए हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने साफ-साफ कह दिया है कि रूस को हराने का ख्वाब पालने वाले देश अपने विनाश का बंदोबस्त खुद कर रहे हैं। रूस ऐसा न्यूक्लियर हमला करने के लिए तैयार है जिसे रोकना किसी के बस की बात नहीं है। रूस यूक्रेन के खिलाफ विध्वंसक जंग छेड़ने वाला है। अब तक दुनिया ने रूस की खतरनाक न्यूक्लियर यार्स देखी है। महाविनाशक सरमत मिसाइल देखी है। न्यूक्लियर पावर लगोरोद सबमरीन देखी है।



रूस के एटमी पावर का ट्रेलर दिखता रहा है। टीयू 160 एम और किंझल मिसाइल भी देखी है। लेकिन अब पुतिन ने अपना न्यूक्लियर ब्रीफकेस दिखाया है। न्यूक्लियर ब्रीफकेस का मतलब विनाश का बटन है और यह बटन बस दबने ही वाला है। सामने आए वीडियो में दो ब्रीफकेस नजर आ रहे हैं। एक वह जो बुलेटप्रूफ कैरी करता है जबकि दूसरा न्यूक्लियर ब्रीफकेस बताया जा रहा है। इसे न्यूक्लियर फुटबॉल कहते हैं। स्टालिनग्राद जंग की सालगिरह का अवसर था दो सिक्योरिटी गार्ड के पास ब्रीफकेस नजर आया। पुतिन से कुछ दूरी पर यह गार्ड्स खड़े थे। पुतिन जब न्यूक्लियर ब्रीफकेस के साथ दिखे उन्होंने उसी वक्त पश्चिमी देशों को एक बड़ी चेतावनी भी दे डाली। पुतिन ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद तीसरे विश्व युद्ध के संकेत दिए। उन्होंने साफ कर दिया कि रूस के साथ आर पार का अंजाम दुनिया के लिए खतरनाक होने वाला है। जर्मनी को वर्ल्ड वॉर टू के खलनायक के साथ वर्ल्ड वॉर 3 से जोड़ते हुए अमेरिका को कड़ा संदेश दिया।

स्टेलिनग्राद जंग की सालगिरह पर पुतिन ने भारी लाव लश्कर के साथ नजर आए। उन्होंने स्टेलिनग्राद के शहीदों को नमन करते हुए पूरी दुनिया को अपना विनाशक हथियार भी दिखा दिया। यूक्रेन युद्ध के दौरान पहली बार पुतिन न्यूक्लियर ब्रीफकेस के साथ नजर आए। पुतिन ने कहा कि जंग में रूस को हराने के बारे में सोचना भी भूल होगी। वर्ल्ड वॉर टू की तरह नाजी के लेपर्ड टैंक हमारे बॉर्डर पर होंगे और पश्चिमी देश समझ लें की रूस के साथ आधुनिक जंग आसान नहीं है।

## ऑस्ट्रेलिया हटाएगा 5 डॉलर के नोट से ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय की तस्वीर

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि पांच डॉलर के नए नोट पर ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय की तस्वीर के बजाय देश को प्रतिबिम्बित करने वाला कोई 'डिजाइन' होगा। हालांकि महाराजा चार्ल्स तृतीय की तस्वीर सिक्कों पर नजर आते रहने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया में केवल पांच डॉलर के नोट पर ही ब्रिटिश राजतंत्र की छाप नजर आती है। बैंक ने कहा कि सरकार के साथ विचार-विमर्श करने के बाद यह फैसला किया गया और सरकार ने इस बदलाव का समर्थन किया है। वहीं विपक्षी दलों ने इस कदम को राजनीति से प्रेरित बताया है। ब्रिटिश महाराजा को अब भी ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्राध्यक्ष माना जाता है हालांकि अब उनकी भूमिका काफी हद तक प्रतीकात्मक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के रिज़र्व बैंक ने कहा कि पांच डॉलर के नए नोट पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के चित्र की जगह एक अलग डिजाइन होगा। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का पिछले साल निधन हो गया था। बैंक ने कहा कि यह कदम ''मूल ऑस्ट्रेलियाई लोगों की संस्कृति व इतिहास'' के प्रति सम्मान को प्रदर्शित करेगा। बैंक ने एक बयान में कहा कि पांच डॉलर के नोट के दूसरी ओर पहले की तरह ऑस्ट्रेलियाई संसद की तस्वीर होगी।

## कंगाल पाकिस्तान के सामने आईएमएफ की कठोर शर्त मानने के अलावा कोई चारा नहीं

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की डूबती नैया को सिर्फ आईएमएफ ही सहारा दे सकता है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि सरकार को आईएमएफ की बेलआउट शर्तों से सहमत होना होगा, जो कल्पना से परे है। महीनों से रुकी वित्तीय सहायता को फिर से शुरु करने से जुड़ी अंतिम बातचीत के लिए आईएमएफ का प्रतिनिधि मंडल पाकिस्तान पहुंचा है। अक्टूबर में होने वाले चुनावों से पहले शहबाज सरकार आईएमएफ की शर्तों को लागू नहीं करना चाहती। दरअसल आईएमएफ की शर्ते एक कड़वी दवाई है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन जनता को पसंद नहीं आएगी।

आईएमएफ की शर्तों में टैक्स बढ़ाना और सब्सिडी में कटौती शामिल है। इस लेकर शाहबाज सरकार को जनता के गुस्से का सामना करना होगा। शहबाज शरीफ ने कहा, मैं डिटेल्स में नहीं जाउंगा, लेकिन इतना कहूंगा कि हमारी आर्थिक चुनौती अकल्पनीय है। आईएमएफ के साथ हमें जिन शर्तों पर सहमत होना होगा वे कल्पना से परे हैं। लेकिन हमें शर्तों से सहमत होना होगा। पाकिस्तान



इनदिनों कम होते विदेशी मुद्रा भंडार से जूझ रहा है। विदेशी कंपनियों को पेमेंट नहीं हो रहा, जिससे जरूरी सामान बंदरगाह पर ही पड़ा है।

पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार इस सप्ताह फिर गिरा है। विदेशी मुद्रा भंडार गिर कर 3.1 बिलियन डॉलर हो गया। विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तान इससे सिर्फ तीन सप्ताह से कम का ही आयात कर सकता है। जबकि रूपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले निचले स्तर पर पहुंच गया है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आबादी वाला पाकिस्तान अब जरूरी भोजन और दवाओं के अलावा किसी भी चीज के लिए क्रेडिट पत्र जारी नहीं कर रहा है, जिससे कराची बंदरगाह पर हजारों शिपिंग कंटेनरों का बैकलॉग हो गया है।

## जासूसी गुब्बारे में था 'बायो वेपन'? भड़के अमेरिका ने रद्द किया ब्लिंकन का चीन दौरा

**वाशिंगटन(एजेंसी)** । चीन की एक हरकत से अमेरिका में डर और गुस्सा एक साथ पनपा है। इस हरकत से अमेरिका में तनाव की स्थिति शुरू हो गई है। दरअसल, एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेंटागन ने कहा कि एक चीनी जासूसी गुब्बारे को ट्रैक किया गया है। इस गुब्बारे को ऐसे समय में ट्रैक किया गया जब एक शीर्ष अमेरिकी राजनयिक की बीजिंग यात्रा होनी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका के एक रक्षा अधिकारी ने मीडिया से कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन के अनुरोध पर रक्षा सचिव लॉर्ड ऑस्टिन और शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने गुब्बारे को नीचे गिराने पर विचार किया। लेकिन ऐसा करने से बहुत से लोगों को खतरा हो सकता है।

हाउस ओवरसाइट कमेटी के अध्यक्ष ने जासूसी गुब्बारे को लेकर नया दावा करते हुए सनसनी मचा दी है। हाउस ओवरसाइट के अध्यक्ष जेम्स कॉमर (आर-केवाई) ने फॉक्स न्यूज को आकस्मिक रूप से सुझाव दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका में दिखने वाले संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे में 'वुहान' से 'जैव हथियार' शामिल हो सकते हैं। इस सप्ताह उत्तरी अमेरिका में एक चीनी



निगरानी गुब्बारे को देखे जाने के बाद, रिपब्लिकन ने राष्ट्रपति जो बाइडेन पर चीन के प्रति उनके प्रशासन की नीति में कथित 'कमजोरी' को लेकर जमकर निशाना साधा। ग्रैंड ओल्ड पार्टी में कुछ ने राष्ट्रपति को 'बीजिंग बाइडेन' तक कह दिया। इसके साथ ही यह दावा किया कि 'कम्युनिस्ट चीन' बाइडेन का 'डर या सम्मान' नहीं करता है।

बाइडेन प्रशासन ने सचिव एंटनी ब्लिंकेन की चीन की आगामी यात्रा को स्थगित कर दिया है। चीन ने जोर देकर कहा है कि संदिग्ध स्पाईक्राफ्ट वास्तव में सिर्फ एक 'नागरिक हवाई पोत' है जो 'अपने नियोजित रेंज से दूर चला गया है। उसका (बीजिंग का) 'किसी भी संप्रभु देश के क्षेत्राधिकार तथा वायु क्षेत्र का उल्लंघन करने का कोई इरादा नहीं है। इस बैलून कांड के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।

## भारत में बनी आई ड्रॉप से अमेरिका में चली हुई कई लोगों की आंखों की रोशनी, फार्मा कंपनी पर ड्रग कंट्रोलर का छापा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर अमेरिका में दी गई अपनी दवा की पूरी खेप को वापस मांग रहा है। कंपनी पर आरोप है कि उसकी दवा डालने से लोगों की आंखों की रोशनी चली गई, जबकि एक की मौत हो गई। इस खबर के बाद केंद्रीय एजेंसी भी हरकत में आ गई। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन और तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर ने चेन्नई स्थित ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर पर देर रात छापा मारा। ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर, चेन्नई से 40 किमी दक्षिण में स्थित है।' दोनों दलों में तीन-तीन अधिकारी हैं।

**सामने आए 55 मामले**

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने एक बयान में कहा कि चेन्नई स्थित कंपनी इजरीकेयर, एलएलसी और डेलसैम फार्मा द्वारा उपभोक्ता स्तर पर वितरित की जा रही 'आर्टिफिशियल टियर्स ल्यूब्रीकैंट' आई ड्रॉप को संभावित संदूषण के चलते वापस ले रही है। बयान में कहा गया है कि आज की तारीख तक, आंखों में संक्रमण, स्थायी रूप से आंखों की रोशनी चले जाने और रक्तधारा संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत होने सहित आंखों को नुकसान पहुंचने के 55 मामले सामने आ चुके हैं।

**कंपनी ने क्या कहा?**

कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किये गये



एक बयान में कहा है कि इसने इस उत्पाद के वितरकों अरु फार्मा इंक और डेलसैम फार्मा को इसकी सूचना दी है तथा अनुरोध कर रहा है कि थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और ग्राहक,जिनके पास भी यह (वापस लिया जा रहा) उत्पाद है वे इसका उपयोग बंद कर दें।

## महारानी एलिजाबेथ को मारने समेत 3 आरोपों में ब्रिटिश सिख दोषी करार, 31 मार्च को सजा सुनाएगी अदालत

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटिश अदालत ने उस मामले की सुनवाई पूरी कर ली है, जिसमें एक ब्रिटिश सिख ने 2021 में क्रिसमस के दिन महारानी एलिजाबेथ को मारने की योजना बनाई थी। पुलिस ने उसे लोडेड क्रॉसबो के साथ गिरफ्तार किया था। उसने राजद्रोह के आरोपों को स्वीकार कर लिया है। 21 वर्षीय जसवंत सिंह चेल को शुक्रवार को ओल्ड बेली में सुनवाई के दौरान देशद्रोह अधिनियम के तहत एक अपराध सहित तीन आरोपों में दोषी ठहराया गया। चेल ओल्ड बेली में ब्रॉडमूर अस्पताल से वीडियो अपलिंक के माध्यम से पेश हुआ, जहां वह वर्तमान में है, उसे अदालत द्वारा 31 मार्च को सजा सुनाई जाएगी। मेट्रो ने बताया कि उसने देशद्रोह अधिनियम 1842 के तहत दिवंगत महारानी को घायल करने या सचेत करने का इरादा स्वीकार किया। साउथेम्प्टन, हैम्पशायर के निवासी चेल ने कथित तौर पर कहा था मैं यहां रानी को मारने के लिए हूं, उसे हथकड़ी लगाई गई और गिरफ्तार किया गया।

## पाक-चीन के संबंधों में आई दरार, कंगाली के वक्त बीजिंग ने खींचे हाथ तो बौखलाया पाकिस्तान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान और चीन के रिश्ते बिगड़ते नजर आ रहे हैं, क्योंकि आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की चीन खुद भी कोई मदद नहीं कर रहा, साथ ही अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से भी किसी प्रकार की मदद दिलाने में सहयोग नहीं कर रहा है। उल्टा चीन ऐसे कठिन समय पर पाकिस्तान को मैसेज भेज-भेजकर अपने कर्ज को लौटाने की याद दिला रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पिछले साल जब चीन दौरे पर गए थे तो उन्हें उम्मीद थी कि कुछ पैसा और उधार मिल जाएगा, लेकिन चीन ने पैसा देने की जगह पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का फरमान सुना दिया। बीजिंग से मुंह लटकाये इस्लामाबाद लौटे शहबाज शरीफ ने जब यह बात अपने सहयोगियों को बताई थी तो सभी हक्के-बक्के रह गये थे, क्योंकि अमेरिका ने भले डॉलर भेजने बंद कर दिये थे लेकिन पाकिस्तानियों को उम्मीद थी कि ड्रैगन मदद देना बंद नहीं करेगा, लेकिन ड्रैगन ने अपना रुख बदला है। उसने पाकिस्तान को पैसे देने भी बंद कर दिये और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसका सहयोग भी अब पहले जैसा नहीं रहा है। हाल ही में जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से अब्दुल रहमान मक्की को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित किया गया तो वह चीन के अप्रत्यक्ष सहयोग से ही संभव हो पाया था। दोस्त चीन की यह हरकत देखकर पाकिस्तान आग बबूला हो गया है। चीन को संदेश देने के लिए पाकिस्तान ने अपने वर्तमान खराब हालात का हवाला देते हुए चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने से इंकार कर दिया है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने देश में लगातार हो रहे आतंकी हमलों के बीच प्रांत में रहने वाले चीनी नागरिकों से कहा है कि वह उन सभी को सुरक्षा मुहैया नहीं कराएगी और इसके लिए उन्हें निजी सुरक्षा कंपनियों की सेवा लेनी चाहिए। पेशावर शहर के पुलिस लाइंस क्षेत्र में एक मस्जिद में हुए घातक आतंकी हमले के कुछ दिन बाद पंजाब प्रांत के गृह विभाग ने यह निर्देश जारी किया है।

हालांकि, पंजाब सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह प्रांत में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) और सरकार से संबंधित अन्य परियोजनाओं में काम कर रहे चीनी नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करना जारी रखेगी। हम आपको बता दें कि हाल के दिनों में पाकिस्तान में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जिनमें सरकारी और निजी दोनों परियोजनाओं के लिए देश में रह रहे चीनी नागरिकों को निशाना बनाया गया है। इसलिए चीन पाकिस्तान के अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले अपने नागरिकों को पुख्ता सुरक्षा प्रदान करने के लिए पाकिस्तान पर दबाव डालता रहा है।

उधर, पाकिस्तान के आर्थिक हालात की बात करें तो आपको बता दें कि गंभीर नकदी



संकट से जूझ रहे पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 16.1 प्रतिशत की तीव्र गिरावट के साथ 10 साल के निचले स्तर पर लुढ़क गया है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने कहा है कि इस समय देश में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.74 अरब डॉलर है। आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है कि यह विदेशी मुद्रा पाकिस्तान की सिर्फ तीन हफ्तों की आयात जरूरतों को ही पूरा कर सकता है। इस बीच, पाकिस्तान में महंगाई सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही है, जिससे आम लोगों का जीवन मुश्किल हो गया है। खासकर पेट्रोलियम पदार्थों की महंगाई के चलते बसों और अन्य वाहनों के पहिये थम गये हैं।

## पंजाब से निकलकर राजस्थान में तेजी से फैल रहा अफ्रीकन स्वाइन फ्लू

जयपुर। राजस्थान में लंपी वायरस से हुई लाखों पशुओं की अकाल मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि अब सूअर प्रजाति के लिए जानलेवा माना जाने वाला अफ्रीकन स्वाइन फीवर रोग तेजी से पैर पसार रहा है। पंजाब के रास्ते से अफ्रीकन स्वाइन फ्लू ने राजस्थान में दस्तक दे दी है। अब यह तेजी से पूरे राजस्थान में अपने पैर पसार रहा है। पंजाब से निकलने के बाद अफ्रीकन स्वाइन फ्लू पूर्वी राजस्थान के जिलों में तेजी से फैलता जा रहा है। अफ्रीकन स्वाइन फ्लू ने अलवर के बाद सवाई माधोपुर, जयपुर के जोबनेर, भरतपुर, कोटा, करौली और जयपुर के रेनवाल में इस रोग की पुष्टि हो चुकी है। सूअर प्रजाति में तेजी से पैर पसारते इस रोग ने सवाई माधोपुर जिले में तबाही मचा दी है। सवाई माधोपुर जिले के अलनपुर क्षेत्र में 2966 पशुओं में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू नामक बीमारी हुई। सभी 2966 पशुओं की महा बीमारी से दर्दनाक मौत हो गई। कोटा के सांगोद इलाके में 680 सूअरों में इस रोग की पुष्टि हुई है। वहां अब तक इस रोग के कारण 444 से ज्यादा सूअरों की मौत हो चुकी है। जयपुर के जोबनेर में इस रोग से संक्रमित 66 पशुओं में से 60 की मौत हो चुकी है। भरतपुर जिले में 177 पशु इस रोग से संक्रमित मिल चुके है। इनमें से 70 की मौत हो चुकी है। करौली जिले में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू से पॉजिटिव मिले 50 पशुओं में से 10 की मौत हुई है। वहीं अलवर जिले में 82 संक्रमित पशुओं में से 60 पशुओं की मौत हो चुकी है। लगातार तेजी से पैर पसारते अफ्रीकन स्वाइन फ्लू के कारण पशुपालन विभाग ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है. राजस्थान के अधिकांश जिलों में सूअरों के परिवहन के साथ साथ उसके मांस व अन्य उत्पादों की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। पशुपालन विभाग के निदेशक भवानी सिंह राठौड़ का कहना है कि अफ्रीकन स्वाइन फीवर देश में पहली बार 2020 में सामने आया था। पिछले साल अगस्त में देश के कई राज्यों में इसकी उपस्थिति दर्ज की गई थी। उसके बाद राजस्थान में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू नामक बीमारी की रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी कर दी गई। अब ये संक्रमण फैलाने वाला रोग राजस्थान के कई जिलों में तेजी से पैर पसार रहा है। इसके लिए पूरे राजस्थान में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

## टीएमसी नेता गोखले से जुड़े मामले में ईडी ने राहुल गांधी के करीबी से पूछताछ की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के करीबी सहयोगी अलंकार सवाई से तृणमूल कांग्रेस के गिरफ्तार नेता साकेत गोखले के खिलाफ कथित रूप से क्राउड फंडिंग के माध्यम से एकत्र किए गए लगभग 1 करोड़ रुपये के दुरुपयोग के मामले में पूछताछ की है। गोखले ने दावा किया कि उनके खाते में लगभग 23.54 लाख रुपये जमा किए गए थे, वास्तव में सवाई द्वारा उनके सोशल मीडिया के प्रबंधन के लिए किया गया भुगतान था। ईडी की हिरासत में रहने के दौरान उन्होंने यह दावा किया। जांच एजेंसी को पता चला कि उन्होंने एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर क्राउड फंडिंग के जरिए करीब 80 लाख रुपये जुटाए, जबकि उनके खाते में 23.54 लाख रुपये की नकदी भी जमा की गई। सूत्रों ने कहा, नवंबर 2021 में पैसा जमा किया गया था, जबकि वह अगस्त 2021 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद में वह कांग्रेस पार्टी का प्रचार क्यों करेंगे? इसकारण हमें उनके बयान पर संदेह है। सवाई को कई मौकों पर जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। सूत्रों ने दावा किया है कि बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को उनसे पूछताछ की गई। ईडी के सूत्रों ने कहा कि सवाई द्वारा किए गए भुगतान को लेकर अब तक कोई सबूत नहीं मिला है। गोखले पर अपने निजी जरुरतों के लिए क्राउड फंडिंग फंड का इस्तेमाल करने, शेयर बाजार में निवेश करने और अपने परिवार के सदस्यों के मेडिकल बिलों का भुगतान करने का आरोप लगाया गया है।

## विदर्भ राज्य की मांग को लेकर सीएम शिंदे के खिलाफ नारेबाजी

वर्धा । महाराष्ट्र के वर्धा में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ नारेबाजी की घटना सामने आई है। जहां विदर्भ राज्य की मांग को लेकर दो लोगों ने मुख्यमंत्री शिंदे के खिलाफ नारेबाजी की। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। नारेबाजी करने वाले लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मुख्यमंत्री शिंदे एक साहित्य सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए महाराष्ट्र के वर्धा पहुंचे थे। कार्यक्रम में शिंदे जनता को संबोधित कर ही रहे थे तभी वहां दो लोग विदर्भ राज्य की मांग को लेकर नारेबाजी करना शुरु कर दिया। जिसके बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत दोनों को हिरासत में ले लिया। रिपोर्ट के मुताबिक मुख्यमंत्री शिंदे ने अपना संबोधन शुरू किया, तब अलग विदर्भ की मांग कर रहे कार्यकर्ता कागज उछालने लगे और अलग विदर्भ की मांग उठाने लगे। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी की बात सुनी जाएगी। उन्होंने नारेबाजी कर रहे लोगों को भी आश्वासन दिया और फिर से अपना भाषण शुरू किया। लेकिन इसके बाद फिर कुछ कार्यकर्ता खड़े हो गए और किसानों और अलग विदर्भ को लेकर बोलने की मांग करने लगे।

## सजा पूरी होने के बाद ही होगी सिद्धू की रिहाई, कैबिनेट बैठक में नहीं हुई रिहाई पर चर्चा

चंडीगढ़। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू को बड़ा झटका लगा है। सिद्धू की रिहाई समय से पहले नहीं होने वाली है है। उन्हें तय समय से पहले रिहा नहीं किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में नवजोत सिंह सिद्धू की रिहाई को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। उनकी रिहाई से संबंधित कोई फाइल बैठक में पेश नहीं की गई। सिद्धू के बेटे एडवोकेट करण सिद्धू ने कहा कि उनके पिता को कानून पर पूरा भरोसा है और वह जल्द अपनी 1 साल की सजा पूरी होने पर वापिस आएंगे। उन्होंने कहा कि पहले 26 जनवरी को उनकी रिहाई के बारे चर्चा हुई थी और बड़ी गिनती में उनके समर्थकों ने स्वागत की तैयार की पर सरकार या कानूनी अड़चनों के कारण रिहाई रुक गई। उन्होंने कहा कि वैसे तो उनके पिता की 80 प्रतिशत सजा फरवरी के अंत में पूरी हो जाएंगी और उसके बाद जेल सुपरिटेंडेंट अच्छे व्यवहार पर अपनी सिफारिश पर 28 दिन पहले जेल से रिहा कर सकते है।

## हिमाचल की स्पीति घाटी में बर्फबारी के बाद बढ़ी स्नो लेपर्ड की आवाजाही

शिमला। हिमाचल प्रदेश की स्पीति घाटी इन दिनों बर्फानी तेंदुओं से गुलजार है। घाटी में भारी बर्फबारी के बाद यहां बर्फानी तेंदुओं की आवाजाही देखने को मिली है। शुक्रवार को स्पीति के काजा के चिचम में स्नो लेपर्ड स्पॉट हुआ है। इससे एक दिन पहले ही लांगजा में भी स्नो लेपर्ड स्पॉट हुआ था। काजा में घूमने के लिए गए मंडी के ओम चंद कटवाल ने बताया कि शुक्रवार को जब वह चिचम से गुजर रहे थे, तो उन्हें स्नो लेपर्ड या बर्फानी तेंदुआ नजर आया। इससे एक दिन पहले उन्हें लांगजा में स्नो लेपर्ड मिला था। बता दें कि लाहौल घाटी में किब्बर को बर्फानी तेंदुओं का घर कहा जाता है। यहां पर बर्फानी तेंदुए नजर आते रहते हैं। लेकिन इस बार काफी संख्या में बर्फानी तेंदुएं स्पॉट हो रहे हैं। दो दिन पहले लाहौल के केलांग में एक मादा बर्फानी तेंदुआ अपने दो बच्चों के साथ घूमती नजर आई थी। यहां पर एक स्थानीय शख्स ने उसे कैमरे में कैद कर लिया था। गौरतलब है कि हिमाचल में वाइल्ड लाइफ विभाग ने बर्फानी तेंदुओं की गणना की थी और पाया था कि सूबे में 73 बर्फानी तेंदुए हैं। लेकिन अब अनुमान है कि इनकी संख्या में इजाफा हुआ है।

## स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्मचारियों पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

नई दिल्ली। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्मचारियों को लेकर शीर्ष अदालत ने अहम निर्देश दिया है। अदालत का कहना है कि रिटायरमेंट की तारीख से पहले स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने वाले कर्मचारी सेवानिवृत्ति की उम्र पूरी करने के बाद सेवानिवृति होने वाले कर्मचारियों के साथ समानता का दावा नहीं कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी मुंबई हाईकोर्ट के एक फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान की है। बता दें कि ये याचिका वीआरएस लेने वाले कर्मचारियों ने दायर की थी। इस याचिका में वेतनमान में संशोधन का लाभ नहीं मिलने का जिक्र है। कोर्ट का कहना है कि महाराष्ट्र राज्य वित्तीय निगम के वे कर्मचारी अलग स्थिति में हैं, जिन्होंने वीआरएस का लाभ लिया और अपनी सेवा को स्वेच्छा से छोड़ दिया। कोर्ट का कहना है कि वीआरएस लेने वाले लोग इसतरह कर्मचारी के साथ समानता का दावा नहीं कर सकते हैं, जो अपना पूरा कार्यकाल पूरा होने के बाद रिटायर हुए हैं।

# राहुल की पीएम मोदी से गुहार, कश्मीरी पंडित कर्मचारियों की चिंताएं दूर करने की अपील

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि वह कश्मीरी पंडित कर्मचारियों की चिंताओं को दूर करने के लिए उचित कदम उठाएं तथा सुरक्षा की गारंटी के बिना उन्हें कश्मीर घाटी में काम करने के लिए मजबूर नहीं किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर यह दावा भी किया कि कश्मीरी पंडित कर्मचारियों के प्रति जम्मू-कश्मीर प्रशासन का रवैया असंवेदनशील है।



राहुल गांधी ने पत्र में कहा, ''आतंकियों द्वारा हाल में कश्मीरी पंडितों व अन्य लोगों की लगातार चुन-चुनकर की जा रही हत्याओं ने घाटी में डर और निराशा का माहौल बना दिया है।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री जी, पूरे भारत को प्रेम और एकता के सूत्र में पिरोने के लिए जारी भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू पड़ाव में कश्मीरी पंडितों का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी समस्याओं को लेकर मुझसे मिला। उन्होंने जानकारी दी कि सरकार के अधिकारी उन्हें कश्मीर घाटी में वापस काम पर जाने के लिए मजबूर कर रहे हैं।''

कांग्रेस नेता के अनुसार, इन हालात में सुरक्षा और सलामती की पक्की गारंटी के बिना उन्हें घाटी में काम पर जाने के लिए मजबूर करना एक निर्दयी कदम है। हालात के सुधरने और सामान्य होने तक सरकार इन कश्मीरी पंडित कर्मचारियों से अन्य प्रशासकीय व जनसुविधा के कार्यों में सेवाएँ ले सकती है। राहुल गांधी ने दावा किया, ''अपनी सुरक्षा और परिवार की चिंताओं को लेकर गुहार लगा रहे कश्मीरी पंडितों को आज जब सरकार से हमदर्दी और अपनेपन की उम्मीद है तब उप-राज्यपाल (मनोज सिन्हा) जी द्वारा उनके लिए भिखारी जैसे शब्दों का प्रयोग गैर-जिम्मेदाराना है। प्रधानमंत्री जी, शायद आप स्थानीय प्रशासन की इस असंवेदनशील शैली से परिचित न हों।''

उन्होंने कहा, ''मैंने कश्मीरी पंडित भाइयों-बहनों को भरोसा दिया है कि उनकी चिंताओं व मांगों को आप तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा। मुझे उम्मीद है कि यह सूचना मिलते ही आप इस बारे में उचित कदम उठाएंगे।

## रावण हैं रामचरितमानस का विरोध करने वाले, बेवजह किया जा रहा धीरेंद्र शास्त्री का विरोध : मनोज तिवारी

चंदौली । प्रख्यात भोजपुरी गायक और भाजपा नेता मनोज तिवारी शुक्रवार को डीडीयू जंक्शन पहुंचे। जहां से उनको बिहार के मां मुंडेश्वरी मंदिर स्थित एक कार्यक्रम में शामिल होने जाना था। डीडीयू स्टेशन पर भाजपा नेता का भव्य स्वागत किया गया। उनकी सुरक्षा के दृष्टिकोण से जीआरपी और आरपीएफ के जवानों को लगाया गया। मनोज तिवारी ने बताया वह बिहार के मां मुंडेश्वरी मंदिर हर साल जाते थे, पर कोरोना काल के दौरान वह मां का दर्शन नहीं कर पाए। इसी दौरान उन्होंने मां मुंडेश्वरी की मूर्ति की कार्बन डेटिंग की जानकारी देते हुए मां की मूर्ति को काफी प्राचीन बताया। इसके साथ ही उन्होंने रामचरितमानस पर स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर कहा कि जो भी रामचरितमानस का विरोध कर रहे हैं, वे रावण हैं। उन्होंने आगे बताया कि प्रभु श्रीराम और सनातन धर्म पर टिप्पणी करना शोभा नहीं देता है और हमारी देश की जनता सब जान रही है।

# दिल्ली शराब घोटाले को लेकर एक बार फिर छिड़ी सियासी जंग, 'आप' हेडक्वार्टर के बाहर बीजेपी ने हल्ला बोला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आबकारी नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर चार्जशीट में अरविंद केजरीवाल का नाम सामने आने के कुछ दिनों बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय के बाहर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया और केजरीवाल के प्रमुख पद से इस्तीफे की मांग की। आप मुख्यालय के विजुअल्स में भाजपा समर्थकों को 'केजरीवाल चोर है' जैसे नारे लगाते हुए दिखाया गया है। ईडी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने कथित दिल्ली शराब घोटाले से उत्पन्न धन का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया था। ईडी ने मामले में दायर चार्जशीट में कहा जिसमें सीएम केजरीवाल, डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के साथ-साथ उनके करीबी विजय नायर भी आरोपी हैं। हालांकि सीएम केजरीवाल ने आरोप लगाया कि एजेंसी द्वारा दायर किए गए मामले फर्जी हैं और इनका उद्देश्य सरकारों को गिराना या बनाना है।



ईडी के मुताबिक, आप के सर्वे दल में शामिल स्वयंसेवकों को करीब 70 लाख रुपये का नकद भुगतान किया गया। जांच एजेंसी ने कहा कि आप के संचार प्रभारी विजय नायर ने 'अभियान से संबंधित कार्य में शामिल कुछ लोगों को नकद में भुगतान प्राप्त करने के लिए कहा'। इस बीच, केजरीवाल ने ईडी के आरोप का जवाब दिया और कहा कि यह 'पूरी तरह से काल्पनिक' है। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल में नैतिकता हो तो मदन लाल खुराना द्वारा 1995 मे आरोप लगने पर दिखाई नैतिकता का अनुसरण करते हुए ईडी चार्जशीट में नाम आने पर इस्तीफा दें। वहीं, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह विधूड़ी ने कहा कि भाजपा शुरू से कहती रही है कि शराब घोटाले को मुख्यमंत्री केजरीवाल का संरक्षण प्राप्त है और अब तो ईडी चार्जशीट ने हमारे आरोप की पुष्टी भी कर दी है।

## धर्मांतरण के मामलों को हाईकोर्ट से ट्रांसफर करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, 6 राज्यों से मांगा जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शीर्ष कोर्ट ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की याचिका पर केंद्र और छह राज्य सरकारों से जवाब मांगा है, जिसमें धर्म परिवर्तन को विनियमित करने वाले कानूनों को चुनौती देने वाले 20 से अधिक मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की गई है। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता एमआर शमशाद के माध्यम से मुस्लिम निकाय की याचिका पर नोटिस जारी किया है।

पीठ ने कहा कि उन याचिकाओं में नोटिस जारी करें, जिनमें स्थानांतरण याचिका सहित अब तक कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि से भी जवाब दाखिल करने को कहा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में 5 याचिकाएं, कर्नाटक हाईकोर्ट में एक याचिका, गुजरात हाईकोर्ट में 3, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में 3, झारखंड हाईकोर्ट में 3 और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में 6 याचिकाएं लंबित हैं।

इन याचिकाओं में संबंधित राज्यों के कानूनों को चुनौती दी गई है। मुस्लिम निकाय ने इन सभी याचिकाओं को हाईकोर्टों से शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की है। इसके साथ ही, मध्य प्रदेश और गुजरात सरकारों द्वारा दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई हैं, जिसमें संबंधित हाईकोर्ट के अंतरिम आदेशों को चुनौती दी गई है, जो धर्मांतरण पर राज्य के कानूनों के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाते हैं। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह के बाद निर्धारित की है।

शीर्ष अदालत ने 30 जनवरी को धर्म परिवर्तन को विनियमित करने वाले विवादास्पद राज्य कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं की जांच करने पर सहमति व्यक्त की थी। सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ के एनजीओ सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस ने भी इस मामले में शीर्ष अदालत का रुख किया था, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने लोकस स्टैंडी को चुनौती दी थी। गृह मंत्रालय ने एनजीओ सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस द्वारा दायर याचिका के लिखित जवाब में कहा याचिकाकर्ता दंगा प्रभावित लोगों की पीड़ा का शोषण करके भारी मात्रा में धन एकत्र करने का दोषी है, जिसके लिए तीस्ता सीतलवाड़ और याचिकाकर्ता के अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही चल रही है। इसने आगे कहा, सार्वजनिक हित की सेवा की आड़ में, याचिकाकर्ता जानबूझकर और गुप्त रूप से जासूसी करता है, समाज को धार्मिक और सांप्रदायिक आधार पर विभाजित करने के प्रयास में विभाजनकारी राजनीति करता है। याचिकाकर्ता संगठन की इसी तरह की गतिविधियां या प्रयास अन्य राज्यों में भी पाए जाते हैं। वर्तमान में यह गतिविधि असम राज्य में चल रही है।

## अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव, पहले लिखित परीक्षा पास करनी होगी

### –उसके बाद होगा फिजिकल और मेडिकल टेस्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव किया है। अग्निवीर बनने के लिए पहले लिखित परीक्षा पास करनी होगी। इसके बाद फिजिकल और मेडिकल टेस्ट होगा। अभी तक की प्रक्रिया में फिजिकल और मेडिकल टेस्ट में सफल उम्मीदवारों की ही लिखित परीक्षा होती थी। कुछ दिनों में नई प्रक्रिया के तहत अग्निवीर बनने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। सेना में पहली बार अग्निवीरों की भर्ती पिछले साल हुई थी। इसकी प्रक्रिया वही थी जो पहले सैनिक बनने के लिए होती थी। अब इसमें बदलाव किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, सेना की भर्ती रैली में बहुत सारे युवा आते हैं और मेडिकल और फिजिकल टेस्ट के दौरान भारी भीड़ होती है। इसमें सेना को काफी संसाधन लगाने होते हैं। प्रक्रिया में बदलाव के बाद लिखित परीक्षा यानी कॉमन प्रवेश परीक्षा पास करने वालों का ही फिर शारीरिक और मेडिकल टेस्ट होगा और तब मेरिट के हिसाब से उनका अग्निवीर बनने के लिए चयन होगा।

लिखित परीक्षा ऑनलाइन होगी। इसके लिए निर्धारित सेंटर में जाकर उम्मीदवार ऑनलाइन लिखित परीक्षा दे सकते हैं। यह परीक्षा 60 मिनट की होगी। जो इसमें पास होगा, उनकी भी मैरिट लिस्ट बनेगी। उस हिसाब से ही युवाओं को फिर आगे भर्ती रैली में फिजिकल के लिए बुलाया जाएगा। एग्जाम का तीसरा चरण होगा मेडिकल टेस्ट का। आने वाले समय में सेना में अग्निवीर की सभी भर्ती इसी प्रक्रिया के तहत होंगी। पिछले साल सेना के लिए 40 हजार अग्निवीरों की भर्ती की गई, जिनकी अभी ट्रेनिंग चल रही है।

## पाकिस्तान ने फिर शुरू किया कश्मीर को लेकर दुष्प्रचार, आज कश्मीर एकजुटता दिवस मनाने की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की हालत पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट हो चुकी है। यह पड़ोसी मुल्क पाई-पाई को मोहताज हो गया है। आईएमएफ से आर्थिक मदद के लिए गिड़गिड़ा रहा है और हर शर्त मानने को तैयार है। इतनी बुरी गति के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पाकिस्तान रविवार 5 फरवरी को कश्मीर एकजुटता दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। शहबाज सरकार तमाम फंड्स को सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार के लिए दांव पर लगा रहा है। पाकिस्तान सोशल मीडिया के सहारे एक बार फिर भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैला रहा है और कश्मीर पर दुष्प्रचार प्रसारित कर रहा है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स हैं कि पाकिस्तान 5 फरवरी को कश्मीर एकजुटता दिवस की तैयारी कर रहा है। इन तैयारियों का असर सोशल मीडिया पर भी देखा जा सकता है।

सोशल मीडिया पर कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाया जा रहा है। इस वक्त पाकिस्तान की हालत बेहद खराब है। पेट्रोल पंपों में तेल की कमी है, राशन खरीदने को लोगों के पास पैसा नहीं है, पाकिस्तानी रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 270 पार कर गया। इन हकीकतों के बावजूद पाकिस्तान की शहबाज सरकार का ध्यान भारत के खिलाफ साजिश रचने पर है। यही वजह है कि वह बड़ी मात्रा में फंड को दुष्प्रचार में प्रयोग कर रहा है। पाकिस्तान सन 1990 में कश्मीर में कश्मीरी हिन्दुओं के कत्लेआम के बाद से हर साल 5 फरवरी को कश्मीर एकजुटता दिवस मना रहा है। इस ड्रामे के जरिए वह कथित तौर पर कश्मीर की आजादी के लिए लड़ रहे आतंकियों को क्रांतिकारी बताकर कश्मीर अलगाववाद आंदोलन का समर्थन करता है।

# असम में बाल विवाह के खिलाफ शुरू की गई मुहिम के तहत गिरफ्तार किए गए 2044 लोग

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में बाल विवाह के खिलाफ शुरू की गई व्यापक मुहिम के तहत पुलिस ने शुक्रवार को 2,044 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बाल विवाह कराने वाले पंडित और मौलवी शामिल हैं। राज्य शासन ने कहा कि बाल विवाहों को अवैध घोषित किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि उनके पास 8,000 आरोपियों की सूची है और यह अभियान जारी रहेगा।

वहीं, महिलाओं ने विभिन्न जिलों में इस कदम का यह कहते हुए विरोध किया कि उनके सामने आजीविका की समस्या होगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर बताया कि राज्य भर में शुक्रवार सुबह से मुहिम शुरू की गई और यह अगले तीन से चार दिन तक जारी रहेगी।

राज्य मंत्रिमंडल ने 23 जनवरी को यह फैसला किया था कि बाल विवाह के दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा और साथ ही व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इस घोषणा के एक पखवाड़े से भी कम समय में पुलिस ने बाल विवाह के 4,004 मामले दर्ज किए हैं। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने कहा हमारे पास 8,000 नामजद अभियुक्तों की सूची है और अभी तक हमने केवल 2,044 लोगों को गिरफ्तार किया है। बाल विवाह के खिलाफ अभियान अगले तीन से चार दिनों तक जारी रहेगा। शुक्रवार शाम तक, विश्वनाथ जिले में सबसे अधिक 137 गिरफ्तारियां की गई हैं, इसके बाद धुबरी में 126, बक्सा में 120, बारपेटा में 114 और कोकराझार में 96 गिरफ्तारियां हुई हैं।

राज्यमंत्रिमंडल ने हाल में फैसला किया कि 14 साल से कम उम्र की लड़कियों से विवाह करने वालों के खिलाफ यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पाक्सो) कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा और 14-18 साल की लड़कियों से विवाह करने वालों के खिलाफ बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, 2006 के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा और विवाह को अवैध घोषित किया जाएगा। अगर लड़के की उम्र भी 14 साल से कम होगी तो उसे सुधार गृह भेजा जाएगा। नाबालिगों को अदालत में पेश नहीं किया जा सकता। हिमंता बिस्व शरमा ने राज्यव्यापी पुलिस कार्रवाई पर पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह की मौजूदगी में सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ डिजिटल बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने लोगों से 'इस कुरीति से मुक्ति' के लिए सहयोग एवं समर्थन की अपील की।



इस बीच महिलाएं अपने पतियों और बेटों की गिरफ्तारी के विरोध में बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आई हैं। मजुली जिले की 55 वर्षीय निरोदा डोले ने कहा केवल पुरूषों को ही क्यों पकड़ा जा रहा है? हम और हमारे बच्चे कैसे जिएंगे? हमारे पास आय के साधन नहीं हैं। हाल में दर्ज बाल विवाह के 4,004 मामलों में सबसे अधिक धुबरी (370) में दर्ज किए गए हैं। इसके बाद ऐसे मामले होजई (255), उदलगुरी (235), मोरीगांव (224) और कोकराझार (204) में दर्ज किए गए हैं। बराक घाटी के हैलाकांडी जिले में बाल विवाह का सिर्फ एक मामला दर्ज किया गया जबकि दीमा हसाओ में 24 और कछार में 35 मामले दर्ज किए गए।

# रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर खर्च की जाएगी बजट में मिली 2.40 लाख करोड़ धनराशि : अश्विनी वैष्णव

### –ढ़ांचागत विकास पर पंजाब में 4762 करोड़, जम्मू एवं कश्मीर में 6003 करोड़ और हिमाचल में 1838 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे

**जालंधर (एजेंसी)।** एक फरवरी को पेश किए गए आम बजट में रेलवे को 2.40 लाख करोड़ रुपए की धनराशि आबंटित की गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से बजट के बाद अगली योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा देश के अलग-अलग राज्यों के अलावा पंजाब में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के लिए 4762 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर में 6003 करोड़ और हिमाचल प्रदेश में 1838 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि एक साल में 4500 किलोमीटर नई रेल पटरियां बिछाई जाएंगी जो यूपीए सरकार के समय से 21 गुना अधिक है। अगले वर्ष इसका टार्गेट 7000 किमी तक किया जाएगा। रेलवे लाइनों के साथ सटे शहरों को आपस में जोड़ने के लिए नए अंडरब्रिज और ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। इसके लिए नए डिजाइन तैयार किए गए हैं। 30 रेलवे स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाया जाएगा।

इसके साथ ही टिकटिंग सिस्टम को भी अपग्रेड किए जाने की योजना है। पहले 1 मिनट में 25000 टिकट बनती थीं, जिन्हें अब 10 गुना बढ़ाकर 2.5 लाख प्रति मिनट तक किया जाएगा। इंक्वायरी सिस्टम भी अपग्रेड किया जाएगा जिसके बाद 1 मिनट में 40 लाख लोग जानकारी ले सकेंगे। इसका काम सितम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद जालंधर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए फिरोजपुर मंडल की डीआरएम डा सीमा शर्मा ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत फिरोजपुर मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों को अपग्रेड किया जाएगा जिसमें मुक्तसर, फाजिल्का, फिरोजपुर कैंट, कोटकपूरा, ढंडारी कलां, फगवाड़ा, फिल्लौर, होशियारपुर, मोगा, पठानकोट सिटी, गुरदासपुर, ऊधमपुर, बैजनाथ और बडग़ाम जैसे स्टेशन शामिल हैं।

लुधियाना, जम्मू तवी और जालंधर कैंट में काम शुरू हो चुका है। इसके अलावा जालंधर सिटी, पठानकोट कैंट, ब्यास, पालमपुर, श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा और अमृतसर स्टेशनों के लिए टेक्नो इकोनोमिक फिजिबिलिटी चेक की जा रही है। फाइनल रिपोर्ट आने के बाद इन स्टेशनों को भी मॉडर्न स्टेशन बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

डीआरएम ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या बढ़ने के बाद अब वाशिंग लाइनें भी इनके अनुरूप ही बनाई जा रही हैं। अमृतसर में 2 नई



वॉशिंग लाइनें बनाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए जालंधर कैंट स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस का स्टॉपेज देने की भी संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। इस अवसर पर एडीआरएम (इंफ्रा) बलबीर सिंह, सीनियर डीसीएम शुभम कुमार, सीनियर डीईएन-2 विनय कुमार, चीफ एरिया मैनेजर (लुधियाना) त्रिलोक सिंह, पीआरआई विक्रांत कुमार सहित कई रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

सूरत से क्राइम न्यूज

# पीसीबी ने प्लास्टिक के डिब्बे के बीच टाम्पा में शराब की तस्करी करने वाले शख्स का भंडाफोड़ किया

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com



सूरत,सूरत के खटोदरा इलाके में प्लास्टिक अनाज की आड़ में शराब की तस्करी कर रहे तीन लोगों को पीसीबी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मौके से दो तांपा, शराब बरामद कर कुल 9.03 लाख रुपये जब्त किए हैं। शराब मंगवाकर भिजवाने वाले दो लोगों को वॉन्टेड घोषित किया गया है।

**टेंपो पीसीबी में मिली शराब तस्करी की सूचना** पुलिस कर्मियों को गश्त के दौरान सूचना मिली कि दो टेंपो शराब खटोदरा रक्तदान केंद्र के पीछे रणछोड़ नगर औद्योगिक के पास खुले स्थान पर पड़ी है. उसमें से शराब की ढुलाई चल रही है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वहां छापा मारा और चंद्रकांतभाई बाबूभाई धिम्मर, मुस्ताक उर्फ ??मुस्तकी मुजम्मिल अहमद और रूबेल अब्बास अली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 3.98 लाख की विदेशी शराब, दो तंपा, 3 मोबाइल फोन और प्लास्टिक के दानों से भरी 41 बंदूकें बरामद की हैं और मौके से कुल 9.03 लाख की शराब बरामद की है . शराब की तस्करी के लिए लगातार नए लोगों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह मामला विशेष रूप से इसलिए भी सामने आया है कि शराब तस्कर पुलिस को देने के लिए तरह-तरह की शराब में हेराफेरी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे दौड़ा लिया।

**दो को वांछित घोषित**

किया गया है खुलासा हुआ कि आरोपी पुलिस से बचने के लिए प्लास्टिक अनाज की आड़ में शराब की तस्करी कर रहे थे।

निजी दुश्मनी में फायरिंग

# सूरत के उधना में कबाड़ व्यवसायी पर फायरिंग, बाइक सवार 2 लोगों ने की फायरिंग

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com



सूरत,सूरत के उधना रोड नंबर 9 के पास फायरिंग की घटना हुई है. बाइक सवार दो लोगों ने कबाड़ व्यवसायी पर फायरिंग कर दी और भाग गए। हालांकि गनीमत रही कि इस घटना में व्यवसायी बाल-बाल बच गया। उधर, घटना की सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस का काफिला मौके पर पहुंचा। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

सूरत में उधना रोड नंबर 9 के पास बाइक सवार दो ढुस्स्ह्ह ने कबाड़ कारोबारी जावीद सलीम शाह नाम के शख्स पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. हालांकि गनीमत रही कि इस घटना में व्यवसायी बाल-बाल बच गया। फायरिंग के बाद बाइक सवार हमलावर फरार हो गए। फिलहाल प्रारंभिक जानकारी मिल रही है कि 4 दिन पहले हुई मारपीट में यह फायरिंग की गई है. उधर, ढोला दिवस के दिन सरेआम फायरिंग की घटना को लेकर अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना पुलिस को देने के बाद पुलिस का काफिला मौके पर पहुंचा। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। दुश्मनी में फायरिंग करने वाले एसीपी चिराग पटेल ने बताया कि जावेद सलीम शाह नाम के व्यक्ति की उधना इलाके में कबाड़ की दुकान है. रात करीब 10꞉30 बजे जब वह अपनी दुकान के सामने खड़ा था, तभी बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने उसे दस फीट की दूरी से गोली मार दी। पुलिस द्वारा इस मामले में अलग-अलग टीमें बनाकर गहनता से जांच की जा रही है।

13 साल का स्कैमर गिरफ्तार

# सूरत में नकली सोने-चांदी के जेवरात लोन की जालसाजी करने वाला गिरफ्तार

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत,सूरत क्राइम ब्रांच की टीम ने भरूच से उधा स्थित मुथुट फाइनेंस फिनकॉर्प शाखा में नकली सोने और चांदी के आभूषणों पर कर्ज लेकर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 13 साल से नाश्ता चला रहा था। हालांकि सूरत क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है।

वांछित आरोपी को पकड़ने के लिए सूरत क्राइम ब्रांच की एक टीम गश्त पर थी । उसी दौरान सूचना मिली कि धोखाधड़ी के अपराध में शामिल आरोपी भरूच में घूम रहा है. एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, सूरत अपराध शाखा की टीम ने आरोपी चिंतन नरेंद्रभाई चंद्रना [यू.एस. 39] को भरूच पालेज रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। चांदी और तांबे के आभूषणों पर सोना चढ़ाकर बैंक से कर्ज लेने की साजिश रचता था।




**लाखों रुपये का कर्ज लेने वाले मास्टरमाइंड को**

पुलिस ने दबोच लिया।आरोपी से कड़ी पूछताछ के बाद पता चला कि उसने साल 2012 में उधना स्थित मुथुट फाइनेंस फिनकॉर्प से नकली सोने और चांदी के आभूषण अपने पास रखे थे। बैंक द्वारा जेवर नकली होने की सूचना पर उधना थाने में मामला दर्ज किया गया था. इसलिए आरोपी सूरत शहर से भाग गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए भरूच रहने चला गया। उसके बाद, पुलिस बिना सोचे-समझे रहने लगी कि वे उसे पकड़ सकते हैं। आरोपी पिछले 13 साल से वांछित था। हालांकि, आखिरकार सूरत क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे पकड़ लिया और कानूनी कार्रवाई की।

# दुबई में रहने वाले भाई ने साउथ अफ्रीका के युवक पर लगाया आरोप, पुलिस ने 50.50 लाख रुपए पकड़े, ईडी और आईटी भी करेगी जांच

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com




भरूच,भरूच में 24 दिन बाद स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने एक और गिरफ्तारी की है। दुबई से आए भाई ने कार में ?50. 50 लाख नकद लेकर जाते समय शेरपुर के लोगों को लूट लिया है, जिसे दक्षिण अफ्रीका के एक युवक के माध्यम से अंकलेश्वर की अंगड़िया फर्म में जमा कराया गया था. भरूच जिला अतीत में हवाला के कई मामलों का सामना कर चुका है। जिला पुलिस प्रमुख डॉ. लीना पाटिल ने एसओजी को आर्थिक अपराधों और गतिविधियों पर नजर रखने का सुझाव दिया। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप पीआई एए चौधरी और पीएसआई एवी शियालिया ने स्टाफ को सतर्क किया और ऐसी गतिविधियों पर नजर रखी। । हवाला के पैसे की जानकारी अनिरुद्ध सिंह और नरेशभाई को मिली। शेरपुरा शाहीन एवेन्यू निवासी शकील हफीज सिराज पटेल एमियो कार में अवैध हवाला के पैसे लेकर गुजर रहा था, इस सूचना के आधार पर चौकी लगाई गई। दी गई थी।शहर के पंचबटी सर्किल के पास कार को रोककर जांच की गई तो 50.50 लाख रुपये नकद मिले। प्रारंभिक जांच के दौरान कोई सबूत नहीं दिया जा सकता है, सीआरपीसी के अनुसार कार्रवाई की गई है (1) डी। आरोपियों के पास से नकद, कार, मोबाइल फोन बरामद किया गया और कुल 55.30 लाख रुपये जब्त किए गए हैं। हवाला घोटाले की जानकारी इनकम टैक्स और ईडी को भी दे दी गई है.

**आगे की जांच की गई**

अवैध हवाला घोटाले को लेकर एसपी कार्यालय ने डीवाईएसपी एम.एम. गांगुली ने बताया कि दुबई में रहने वाले आरोपी शकील के भाई सफीक ने दक्षिण अफ्रीका में रहने वाले रिजवान नाम के व्यक्ति अंकलेश्वर के विष्णु कांटी अंगदिया के माध्यम से 50 लाख 50 हजार रुपये भेजे. आगे कहा गया है कि इस तरह के आरोप पहले भी 4 से 5 बार भेजे जा चुके हैं. एसओजी ने यह भी पूछा कि यह पैसा किसके पास पहुंचाया जाना था, साथ ही पूर्व में उसके द्वारा कितनी बार हवाला के पैसे बाहर से मंगवाए गए। आगे की जांच भरूचना ने की है। गिरफ्तार शकील सालों से भरूच में दो जगहों पर मनी एक्सचेंज का काम कर रहा है और उसका भाई सफीक डेढ़ साल पहले ही दुबई चला गया है.

# लड़की पर झपटा कुत्ता पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत,हाल ही में वराछा क्षेत्र की एक मासूम बेटी को कुत्ते के हमले के कारण गाल की प्लास्टिक सर्जरी करानी पड़ी. उसके बाद सिस्टम अलर्ट हो गया लेकिन एक बार फिर वडरोड इलाके में बच्चों को कुत्तों के काटने की घटना एक के बाद एक सामने आई है. जिससे लोगों में कुत्तों के हमले का डर देखा जा रहा है। सेंट्रल जोन में कुत्तों का आतंक सूरत के वडरोड इलाके के ईंट नाके में एक बार फिर कुत्तों का आतंक देखने को मिला है. सर्दियों में कुत्तों के काटने की घटनाएं भी काफी हद तक बढ़ जाती हैं। बालिका जब इंतवाड़ा पालिया के पास




से गुजर रही थी तो अचानक से एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और गंभीर रूप से काट लिया। आसपास के लोगों के जुटने पर मासूम को छोड़ा गया।

फुटेज में कैद हो गई, जिसमें केड सूरत वेरोड इलाके में कुत्ते ने बच्ची के हाथ-पैर को काट लिया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसमें साफ दिख रहा है कि बच्ची जब कुत्ते के पास से गुजर रही थी तो उसके सामने दौड़ रही थी। जैसे ही कुत्ते ने उसे देखा, उसने उस पर हमला कर दिया और चूंकि आसपास कोई नहीं था, लड़की के हाथ और पैर पस से ढके हुए थे। बच्ची के चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़े तो देखा कि बच्ची पर कुत्तों ने हमला कर रखा है। इसके बाद लोगों की भीड़ लग गई तो कुत्ता भाग गया।




कटारगाम, उधना व रांदेर जोन में कार्रवाई तेज.

# सूरत नगर पालिका की कार्रवाई मोरा भागल क्षेत्र के मच्छी बाजार सहित अवैध झोपड़ियों को हटाया

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com



सूरत नगर निगम ने शहर भर में लगातार दबाव से राहत के उपाय शुरू कर दिए हैं। जिसमें विशेष रूप से कतारगाम जोन, उधना जोन और रांदर जोन में काफी सघनता से कार्रवाई की गई है.

**कबाड़ी बाजार से हटाया दबाव**

मोराभगल क्षेत्र में स्थानीय लोगों की लंबे समय से शिकायत है कि जिस क्षेत्र में कबाड़ी बाजार भरा हुआ है वहां काफी दबाव है. रांदेर क्षेत्र के आलपाड जाने के रास्ते में मोरभगल सर्किल पर बड़ी संख्या में मधुमक्खी विक्रेता बैठे थे। इसकी शिकायत पार्षदों से भी की गई थी।

अवैध झोपड़ियों को भी हटाया गया जिससे सड़क पर चलना मुश्किल हो गया और आवागमन भी काफी मुश्किल हो गया। नतीजतन, स्थानीय लोगों द्वारा किए गए लगातार प्रतिनिधित्व के कारण, पिस्सू बाजार की दुकानों के बाहरी हिस्से को भी हटा दिया गया और आसपास के कुछ झोपड़ियों को सड़क पर मजबूर कर दिया गया। रांदर जोन द्वारा तत्काल प्रभाव से इन्हें हटाने की कार्रवाई की गई है।

# मोरबी पूल हादसे के 7 आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

मोरबी , मोरबी पूल हादसे के 7 आरोपियों की जमानत याचिका को आज कोर्ट ने खारिज कर दिया है। पूल हादसे के बाद गिरफ्तार 9 में से 7 आरोपियों ने कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट ने आज आरोपियों की जमान याचिका को खारिज कर दिया। 30 अक्तूबर 2022 को गुजरात समेत देशभर में दिल दहलानेवाली मोरबी पूल हादसे की घटना में बच्चों समेत 135 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। पूल हादसे में 56 से अधिक लोग घायल हो गए थे। पूल हादसे के बाद पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल हवाले कर दिया था इनमें ओरेवा ग्रुप के चार कर्मचारी शामिल हैं। जयसुख पटेल का नाम स्न्ड्ढक्र में भी आरोपी के रूप में दर्ज है। जयसुख ने 20 जनवरी को मोरबी की सेशन कोर्ट में याचिका दायर कर अग्रिम जमानत की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था।

मोरबी ब्रिज हादसे में आरोपी ओरेवा ग्रुप के MD जयसुख पटेल ने घटना के तीन महिने बाद 31 जनवरी को मोरबी कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया। इसी महीने गुजरात पुलिस ने इस केस में 1262 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी। इसमें ब्रिज गिरने के मामले में जयसुख पटेल को मुख्य आरोपी बनाया गया था।